अनमोल विचार

जो भारी कोलाहल में भी संगीत को सुन सकता है, वह महान उपलब्धि को प्राप्त करता है।

▸▸ डॉ. विक्रम साराभाई

राष्ट्र को समर्पित

# विजय मत


मप्र और छत्तीसगढ़ से एक साथ प्रकाशित

www.vijaymat.com | भोपाल, बुधवार, 20 नवंबर 2024 | वर्ष- 09 | अंक- 333 | पेज-08 | मूल्य- ₹ 5 रुपए

## न्यूज इन शॉर्ट

### सोना 600 रुपये उछलकर 78,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा, चांदी 1,500 रुपये चढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी। मजबूत वैश्विक रुख के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने का भाव 600 रुपये बढ़कर 78,050 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इस दौरान, चांदी



की कीमत 1,500 रुपए की तेजी के साथ 93,500 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। आइए जानें सर्राफा बाजार का विस्तृत हाल। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार मजबूत वैश्विक रुख के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने का भाव 600 रुपये बढ़कर 78,050 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली यह बहुमूल्य धातु 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुई थी।

### डंपर ने ऑटो को टक्कर मारी, 4 की मौत, मां-बेटी समेत 1 साल की नातिन की जान गई, 3 घायल

**विजय मत, ब्यूरो सीधी।** सीधी जिले के नेशनल हाईवे-39 में ग्राम बढ़ौरा के पास मंगलवार दोपहर 3 बजे डंपर ने एक ऑटो



रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में मां-बेटी और नातिन समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को संजय गांधी अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। घटना सीधी जिला मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर बढ़ौरा की है। ऑटो रिक्शा सात लोगों को लेकर सीधी से चुरहट की ओर जा रहा था। वहीं, रीवा की ओर से तेज रफ्तार आ रहे डंपर ने ऑटो को टक्कर मार दी। ऑटो पलट गया और इसमें सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

### निवेशकों को भेदभाव नहीं होने का आश्वासन देता है हमारा लोकतंत्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई में 27वें सीआईटीआईसी सीएलएसए इंडिया फोरम में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने देश में अनुकूल कारोबारी माहौल पर प्रकाश डाला और कहा कि भारत के पास स्वस्थ लोकतंत्र, जनसांख्यिकीय लाभांश, मांग और निर्णायक नेतृत्व का लाभ है। आइए जानते हैं वित्त



मंत्री और क्या-क्या बोले। केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत के पास लोकतंत्र का 4डी (चार-आयामी) लाभ है जो निवेशकों को यह आश्वासन देता है कि देश में उनके साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा। मुंबई में 27वें सीआईटीआईसी सीएलएसए इंडिया फोरम में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने देश में अनुकूल कारोबारी माहौल पर प्रकाश डाला और कहा कि भारत के पास स्वस्थ लोकतंत्र, जनसांख्यिकीय लाभांश, मांग और निर्णायक नेतृत्व का लाभ है।

### बिरला ने संसद भवन परिसर में व्यवस्थाओं को किया निरीक्षण

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को आगामी शीतकालीन सत्र से पहले संसद भवन परिसर में विभिन्न व्यवस्थाओं और सुविधाओं का निरीक्षण



किया। श्री बिरला ने लोकसभा कक्ष, गलियारे, लॉबी, प्रतीक्षा कक्ष, मीडिया सुविधा केंद्रों और अन्य प्रमुख क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि शीतकालीन सत्र के दौरान संसद भवन परिसर में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें संविधान दिवस, डॉ. बी.आर. अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस और संसद पर हुए हमले की वर्षगांठ शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने जैसे समारोह शामिल हैं। उन्होंने कहा, इस वर्ष का संविधान दिवस विशेष है, क्योंकि इस साल भारतीय संविधान को अपनाये जाने की 75वीं वर्षगांठ है।

---

### सीएम मोहन ने महाकौशल विज्ञान मेले को किया वर्चुअली संबोधित, कहा- भारत भी अंतरिक्ष विज्ञान क्षेत्र में बन रहा है महाशक्ति

# मध्यप्रदेश बनेगा आईटी और साइंस का नया हब: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश आने वाले समय में विज्ञान प्रौद्योगिकी, सूचना प्रौद्योगिकी और इन क्षेत्रों से जुड़ी सेवाओं का नया हब बनकर देश में उभरेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में फार्मिंग से लेकर फायनेंस तक, मैन्यूफैक्चरिंग से लेकर मेडिसिन तक, एजुकेशन से लेकर कम्यूनिकेशन तक विज्ञान का उपयोग किया जा रहा है। देश की टेक्नोलॉजी में मध्यप्रदेश महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। सुशासन के माध्यम से जन-कल्याण पर जोर दिया जा रहा है इसके लिए राज्य सरकार के विभागों में डिजिटलाइज्ड प्रणाली संचालित है। अनेक नवाचार भी हुए हैं।

### औद्योगिक समृद्धि के आधार पर देश का नंबर वन राज्य बनेगा मध्यप्रदेश



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश प्राकृतिक संसाधनों और संपदा से संपन्न राज्य है। प्रदेश की हर काल और युग में विशेष सांस्कृतिक पहचान रही है। आधुनिक काल में औद्योगिक समृद्धि के आधार पर देश का नंबर वन राज्य बनाने के संकल्प के साथ प्रदेश में रोजगारपरक उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रदेश की समृद्ध प्राचीन संस्कृति और कलात्मक धरोहर को संजोए रखते हुए जन-कल्याणकारी नीतियों के माध्यम से उद्योग अनुकूल वातावरण तैयार कर प्रदेश में व्यापार, उद्योग और सेवा क्षेत्रों का वृहद विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को दिल्ली स्थित भारत मंडपम में चल रहे 43वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में मध्यप्रदेश दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।

### मप्र में टैक्स फ्री हुई फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट'

मध्यप्रदेश सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' को टैक्स फ्री कर दिया है। मंगलवार को सीएम डॉ मोहन



यादव ने AUAP की ओर से आयोजित सेमिनार में फिल्म को टैक्स फ्री करने का ऐलान किया। उन्होंने कहा है कि फिल्म साबरमती को एमपी के सभी विधायक और सांसद देखने जाएंगे। धीरज सरना द्वारा निर्देशित और विक्रांत मैसी की मुख्य भूमिका वाली फिल्म द साबरमती रिपोर्ट ने अपने शुरुआती वीकेंड में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया।

---

### रूस में नए परमाणु सिद्धांत को मिली मंजूरी बढ़ाएगी अमेरिका की टेंशन

# पुतिन की परमाणु हमले की धमकी के तुरंत बाद यूक्रेन ने दागी मिसाइलें

**कीव, एजेंसी**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के रूसी परमाणु नीति में संशोधन पर दस्तखत करने की घोषणा करते ही यूक्रेन ने मंगलवार को पहली बार रूस पर अमेरिका की छह एटीएसीएमएस मिसाइलों से हमला कर दिया है। यह भीषण हमला यूक्रेन-रूस युद्ध के एक हजारवें दिन किया गया। रूसी सीमा के 110 किमी अंदर ब्रियंस्क स्थित रूस के एक सैन्य अड्डे को निशाना बनाया गया है। नए सिरे से शुरू हुए इस मिसाइल हमले ने दुनिया को परमाणु युद्ध के मुहाने पर ले जाने का खतरा बढ़ा दिया है। रूसी समाचार एजेंसी ने मंत्रालय के हवाले से बताया कि उसने छह मिसाइल में से पांच मिसाइलों को मार गिराया है। ब्रियंस्क क्षेत्र में सैन्य अड्डे पर एक मिसाइल का मलबा जरूर गिरा है, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ और ना ही कोई क्षति पहुंची है। बता दें कि हमले के कुछ घंटे पहले ही रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने नए परमाणु सिद्धांत को मंजूरी दी थी। इसे नए रूसी न्यूक्लियर डॉक्ट्रिन के नाम से भी जाना जाता है। इसमें रूसी सेना द्वारा परमाणु हथियारों के उपयोग के दायरे को व्यापक बनाया गया है।



### यूक्रेन का दावा- कई धमाकों की सुनी गई आवाज

उधर, यूक्रेन ने हथियार का ब्योरा दिए बगैर हमले की पुष्टि की है। यूक्रेन का दावा है कि उसके बाद वहां धमाके हुए हैं। इससे पहले मंगलवार को ही यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने कहा था कि यूक्रेनी सेना ने रूस के ब्रियंस्क क्षेत्र में काराचेव स्थित 1046वें लॉजिस्टिक्स सपोर्ट सेंटर पर घातक हमला किया है। वहां पर कई विस्फोट हुए हैं और धमाकों की आवाजें सुनी गई हैं। इस हमले से यूक्रेन के खिलाफ रूस की अक्र ामकता कम हो जाएगी। इसके एक दिन पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने फैसला लिया था कि यूक्रेन को अमेरिका की लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों के जरिये रूस के काफी अंदर तक हमला करने दिया जाएगा।

### रूस-यूक्रेन तनाव के बीच शेयर बाजार में उथल-पुथल, बिकवाली के चलते सेंसेक्स ने गंवाई शानदार बढ़त

इंट्रा-डे ट्रेडिंग के दौरान 1,100 से अधिक अंकों की बढ़त के बाद सेंसेक्स पर ब्रेक लगा और यह 239 अंकों की बढ़त के साथ बंद हुआ। यह उलटफेर तब हुआ जब यूक्रेन के सशस्त्र बलों के रूसी सीमा क्षेत्र पर अपना पहला एटीएसीएमएस मिसाइल हमला करने की खबरें सामने आईं, जिसके बाद क्रेमलिन ने गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। मीडिया सेक्टर में भारी खरीदारी देखने को मिली। निफ्टी मीडिया में 2.45 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। सेंसेक्स 239.37 अंक या 0.31 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77,578.38 और निफ्टी 64.70 अंक या 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,518.50 पर बंद हुआ।

### तो क्या रूस करेगा परमाणु हमला?

पुतिन का कहना है कि अगर अब रूस पर किसी परमाणु ताकत वाले देश के समर्थन से किसी भी देश ने कोई परंपरागत हमला किया तो इसे उनके देश पर एक संयुक्त हमला माना जाएगा। परमाणु हथियारों का उपयोग बैलिस्टिक व क्रूज मिसाइलों के हमले, विमानों और ड्रोनों व अन्य उड़ने वाले हथियारों के हमले पर किया जाएगा।

#### बेलारूस की रक्षा करेगा रूस

संशोधित सिद्धांत से यह भी प्रतीत होता है कि अगर रूस के सहयोगी व पड़ोसी देश बेलारूस पर हमला किया गया तो तब भी वह परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है। याद रहे कि रूसी सेना ने यूर् ेन पर 24 फरवरी 2022 को चढ़ाई की थी। किसी भावी युद्ध की विभीषिका कितनी भयावह हो सकती है कि इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रूस और अमेरिका के पास दुनिया के 88 प्रतिशत परमाणु हथियार हैं।

---

### मुक्त, सुरक्षित समुद्री नेटवर्क के लिए

# भारत का विजन दुनिया भर में रहा है गूंज: पीएम मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत का स्वतंत्र, खुला और सुरक्षित समुद्री नेटवर्क का विजन दुनिया भर में गूंज रहा है। उन्होंने यह बात राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित हो रहे कार्यक्रम सागर मंथन, द ओशन डायलॉग के लिए अपने संदेश में कही। पीएम मोदी ने कहा, इंडो पैसिफिक ओशन इनिशिएटिव' समुद्री संसाधनों को राष्ट्रों के विकास के लिए एक प्रमुख स्तंभ के रूप में देखता है। महासागरों पर यह संवाद नियम-आधारित विश्व व्यवस्था को और मजबूत करता है और राष्ट्रों के बीच शांति, विश्वास और मित्रता को बढ़ाता है। नाइजीरिया में प्रधानमंत्री के कैंप कार्यालय से भेजे गए संदेश में मानवता के समृद्ध भविष्य की साझेदारी के लिए आम सहमति बनाने हेतु सागर मंथन को सफल बनाने की अपील की गई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ÷हम 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने का प्रयास कर रहे हैं, तो सागर मंथन जैसे संवाद आम सहमति, साझेदारी और सबसे महत्वपूर्ण रूप से समृद्ध भविष्य बनाने के लिए अमूल्य हैं। सभी हितधारकों के सामूहिक प्रयासों से, मुझे विश्वास है कि ये चर्चाएं दूर-दूर तक गूंजेंगी और एक उज्जवल, अधिक जुड़े हुए भविष्य की ओर मार्ग प्रशस्त करेंगी।



### प्रधानमंत्री मोदी ने अपने ब्रिटिश समकक्ष केअर स्टार्मर से की मुलाकात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिटेन के अपने समकक्ष, नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के साथ बैठक में उन भारतीय आर्थिक अपराधियों का मुद्दा उठाया, जिनके प्रत्यर्पण का ब्रिटेन से इंतजार है। यह ब्राज़ील में जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान आयोजित पांच अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकों में से एक थी। हालांकि प्रधानमंत्री या विदेश मंत्रालय ने उनका नाम नहीं बताया, लेकिन भारत विजय माल्या और नीरव मोदी के प्रत्यर्पण की मांग कर रहा है। दोनों के खिलाफ भारत में मामले लंबित हैं। ब्रिटेन को दोनों को प्रत्यर्पित करना है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा, प्रधानमंत्री (मोदी) ने ब्रिटेन में भारत के आर्थिक अपराधियों के मुद्दे के समाधान के महत्व पर ध्यान दिया।" मोदी और स्टार्मर दोनों देशों के बीच प्रवासन और लोगों की गतिशीलता से संबंधित मुद्दों पर प्रगति करने की आवश्यकता पर भी सहमत हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी20 शिखर सम्मेलन से इतर अपने ब्रिटिश समकक्ष केअर स्टार्मर से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने हरित ऊर्जा, सुरक्षा, नवाचार और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करने की इच्छा व्यक्त की।

---

## बीवीए का तावड़े पर पैसे बांटने का आरोप बीजेपी बोली- यह विपक्ष की साजिश

**मुंबई, एजेंसी**

पालघर के नालासोपारा विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को एक होटल के बाहर बहुजन विकास अघाड़ी के कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया। होटल के अंदर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े की बैठक चल रही थी। बहुजन विकास अघाड़ी के विधायक क्षितिज ठाकुर और उनके कार्यकर्ताओं ने भाजपा पर पैसे बांटने का आरोप लगाया। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सोमवार को पालघर में जमकर हंगामा हुआ। दरअसल, बहुजन विकास अघाड़ी ने भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव



विनोद तावड़े पर पैसे बांटने का आरोप लगाया। दावा किया गया कि नालासोपारा में उन्होंने लोगों को प्रलोभन देने के लिए पैसे बांटे। हालांकि, भाजपा ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि ठाकुर का दावा प्रचार का हथकंडा मात्र है और महा विकास अघाड़ी हार की ओर अग्रसर होने के कारण ये आरोप लगा रही है।

## डाक खानों से रेवेन्यू टिकट गायब अफसर नहीं बता पा रहे जवाब

**विजय मत, भोपाल**

शहर के डाक खानों से एक रुपये वाली रेवेन्यू टिकटों के अचानक गायब होने से विभाग में अकाल की स्थिति बन गई है। टिकटों के बिना लोगों के




काम रुक गए हैं। लोग राजस्व टिकटों के लिए एक पोस्ट आफिस से दूसरी पोस्ट आफिस में चक्कर लगाते परेशान हो रहे हैं। फिर चाहे वह टीटी नगर की पोस्ट ऑफिस हो या दस नम्बर मार्केट सभी जगह एक जैसा हाल है। टिकट का मूल्य एक रुपया है लेकिन राजस्व से जुड़े दस्तावेजों, वाउचर आदि में इनकी आवश्यकता होती है। पूछने पर अफसरों का कहना है कि ऊपर से टिकटें मिल नहीं रहीं हैं इसलिए बड़ी मुश्किल हो रही है। दो चार टिकटों से यदि काम चल जाने वाला हो केवल उतने ही उपलब्ध कराने के निर्देश हैं। हम क्या कर सकते हैं। पिछले एक नहीं बल्कि दस दिनों से यही हालत है।

## छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार ने बस्तर के मूलवासी बचाओ मंच पर प्रतिबंध लगाया

**विजय मत, रायपुर**

बस्तर क्षेत्र में पिछले कुछ सालों से सक्रिय संगठन 'मूलवासी बचाओ मंच' पर छत्तीसगढ़ सरकार के गृह मंत्रालय ने प्रतिबंध लगा दिया है। सरकार द्वारा 30 अक्टूबर, 2024 को जारी एक परिपत्र कहा गया है कि यह एक गैरकानूनी और विकास विरोधी संगठन है। आदेश में कहा गया है कि यह संगठन केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में चलाए जा रहे



विकास कार्यों और इनके संचालन के लिए स्थापित किए जा रहे पुलिस कैंपों का विरोध कर रहा और जनता को भड़का रहा है। इसमें आगे कहा गया है कि यह संगठन न्यायिक प्रशासन में हस्तक्षेप कर रहा है और कानूनी रूप से स्थापित संस्थाओं की अवज्ञा को बढ़ावा दिया है, जिसके कारण सार्वजनिक व्यवस्था और शांति में गड़बड़ी हुई और नागरिकों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है।

---

**विजय मत एंकर** केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण बोलीं, विकास सरकार की प्राथमिकता

# बैंकों के कर्ज पर ब्याज दरें ज्यादा, इसे कम करने की जरूरत

**मुंबई, एजेंसी**

निर्मला सीतारमण ने सोमवार को एसबीआई के कार्यक्रम में कहा, जब आप भारत की विकास की जरूरतों को देखते हैं, तो आपके पास कई राय आ सकती हैं और कह सकती हैं कि उधार लेने की लागत बहुत ज्यादा है। जब हम चाहते हैं कि उद्योग तेजी से आगे और निर्माण की ओर बढ़ें तो बैंक ब्याज दरों को सस्ता बनाना होगा। बैंकों की ब्याज दरें कुछ लोगों के लिए दबाव वाली हैं। इसे कम करने की जरूरत है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, दरों को कम करने से विकसित भारत की




आकांक्षा को पाने में मदद मिल सकती है। भारत को उद्योग को आगे बढ़ने व नई सुविधाओं में निवेश करने की जरूरत है। निर्मला सीतारमण ने सोमवार को एसबीआई के कार्यक्रम में कहा, जब आप भारत की विकास की जरूरतों को देखते हैं, तो आपके पास कई राय आ सकती हैं और कह सकती हैं कि उधार लेने की लागत बहुत ज्यादा है। जब हम चाहते हैं कि उद्योग तेजी से आगे और निर्माण की ओर बढ़ें तो बैंक ब्याज दरों को सस्ता बनाना होगा। बैंक कर्ज देने के अपने मुख्य कार्य पर ध्यान केंद्रित करें। बीमा उत्पादों की गलत बिक्री भी अप्रत्यक्ष रूप से किसी के लिए उधार लेने की लागत बढ़ाती है। बैंकों द्वारा बीमा वितरण के कारण बीमा की पहुंच गहरी हुई है। इससे उत्पादों की गलत बिक्री के बारे में भी चिंताएं बढ़ गई हैं। ग्राहकों पर बीमा का बोझ नहीं डालना चाहिए।

### विकास सरकार के लिए प्राथमिकता


सीतारमण ने कहा, विकास सरकार की प्राथमिकता है। महंगाई एक जटिल मुद्दा है जो आम आदमी को प्रभावित करती है। सरकार खाद्य तेलों और दालों सहित आपूर्ति पक्ष के उपायों पर काम कर रही है। सरकार के प्रयास मुख्य रूप से अस्थिरता को कम करने के लिए भंडारण सुविधाओं में सुधार पर केंद्रित हैं। अब समय आ गया है कि स्वतंत्र रेटिंग एजेंसियां हमारी रेटिंग अपग्रेड पर फैसला लें।

# जी-20 में इस साल भारत की जीडीपी सबसे तेज, 7प्रतिशत दर का अनुमान

### यूके-जर्मनी-जापान जैसे देश विकास में होंगे पीछे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दुनियाभर में आर्थिक अनिश्चितता और तनाव के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था इस साल 7 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। यह वृद्धि दर 20 देशों के समूह यानी जी-20 में सबसे तेज होगी। इस दौरान बड़े देशों की वृद्धि दर तीन फीसदी से भी नीचे रह सकती है। आंकड़ों के अनुसार, भारत की सबसे तेज विकास दर की उपलब्धि इसकी मजबूत अर्थव्यवस्था के बूते होगी। वैश्विक चुनौतियों के बीच भी भारतीय अर्थव्यवस्था ने बेहतर प्रदर्शन के क्रम को जारी रखा है। जी-20 में



भारत के बाद इंडोनेशिया की जीडीपी सबसे तेज यानी पांच फीसदी की दर से बढ़ेगी। उसके बाद चीन की अर्थव्यवस्था 4.8 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। एकमात्र देश अर्जेंटीना है जिसकी जीडीपी विकास दर में 3.5 फीसदी की गिरावट आने की आशंका जताई गई है। रूस की जीडीपी 3.6 फीसदी की दर से बढ़ेगी तो ब्राजील, अफ्रीका और तुर्किये की जीडीपी तीन-तीन फीसदी की दर से बढ़ सकती हैं।

कार्यालय: भोपाल ■ शहडोल ■ इंदौर ■ जबलपुर ■ होशंगाबाद ■ विदिशा ■ सीहोर ■ बैतूल ■ छिंदवाड़ा ■ ग्वालियर ■ ब्यौहारी ■ अनूपपुर ■ उमरिया ■ सीधी ■ सिंगरौली ■ रीवा ■ सतना ■ बालाघाट ■ सिवनी ■ कटनी ■ सागर ■ मुलताई ■ मुरैना ■ टीकमगढ़ ■ रायपुर ■ बिलासपुर ■ भिलाई

# वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट और म्यूजिकल फाउंटेंन शो चालू करायें: विधायक

**विजय मत, सागर**

सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड कार्यालय सभाकक्ष में मंगलवार को विधायक शैलेन्द्र जैन ने निगमायुक्त सह कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ स्मार्ट सिटी राजकुमार खत्री के साथ सागर स्मार्ट सिटी अंतर्गत परियोजना कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने लाखा बंजारा झील के शेष बचे कार्यों की जानकारी ली और कहा की झील किनारे निर्मित वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का ट्रायल और रन करें। उन्होंने कहा की नाला टैपिंग झील के कायाकल्प कार्यों में सबसे महत्वपूर्ण है इससे झील के पानी की स्वच्छता सुनिश्चित करने में सहयोग मिला है। अब इस नाला टैपिंग पाईप लाईन के माध्यम से मोंगा बधान के पास पहुंचने वाला नाले-नालियों का गंदा पानी सतप्रतिशत ट्रीट किया जाये और इस ट्रीटेड पानी का उपयोग झील किनारे प्लांटेशन सहित शहर के अन्य प्लांटेशन में सिंचाई हेतु करें। उन्होंने कहा की डब्लूडब्लूटीपी के संचालन से गार्डन आदि की सिंचाई हेतु एक बड़ी मात्रा में ट्रीटेड वॉटर हमें उपलब्ध होगा। इससे झील के पानी या अन्य स्वच्छ पानी का उपयोग प्लांटेशन की सिचाई में नहीं करना पड़ेगा, झील में एकत्र पानी सुरक्षित




रहेगा और जल स्तर भी मेंटेन रहेगा। डब्लूडब्लूटीपी के चालू होने से मोंगा की ओर आने वाला ग्रे-वॉटर आदि गंदगी ट्रीट कर पुनः उपयोगी बनाया जा सकेगा और आवश्यकता से अधिक ट्रीटेड वॉटर को मोंगा में छोड़ा जा सकेगा। इससे मोंगा की गंदगी भी लगभग समाप्त होगी। नालाटैपिंग पाईप लाईन में जुड़ने वाले विभिन्न नाले-नालियों में स्क्रीन लगाएं ताकि लकड़ी, प्लास्टिक, पॉलीथिन, बोरी आदि मोटा कचरा पाईप लाईन में न जा सके और आसानी से पाईप लाईन की साफ-सफाई की जा सके। समय-समय पर नाला टैपिंग पाईप लाईन की सफाई डेडिकेटेड टीम द्वारा कराते रहें। विधायक श्री जैन ने समीक्षा करते हुये कहा की झील में लगाये गये म्यूजिकल फाउंटेन का फ़ाइनल रन प्रजेंटेशन प्रोजेक्टर इमेज, साउंड सिस्टम आदि के साथ रीदमिक संगीत के साथ करायें। उन्होंने कहा की लाल पत्थर से बने घाटों पर बेबी स्टेप अवश्य बनवायें ताकि महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को झील के घाट पर चढ़ने उतरने में आसानी हो। उन्होंने स्मार्ट सिटी अंतर्गत निर्माणाधीन फायर स्टेशन भवन, एसएमसी बिल्डिंग, रोड, ट्रांसपोर्ट नगर एंड मैकेनिकल कॉम्प्लेक्स आदि अन्य परियोजना कार्यों की समीक्षा करते हुये कहा की परियोजनाओं में शेष फिनिशिंग कार्य सतप्रतिशत शीघ्र पुरे करें।

## न्यूज इन शॉर्ट

### गायत्री महायज्ञ का भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न



सागर। जिला सागर के दीनदयाल नगर मकरोनिया में आगामी दिसंबर महीने में होने वाले 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर गायत्री परिवार सागर के मुख्य ट्रस्टी डॉक्टर अनिल तिवारी ने कहा कि गायत्री परिवार द्वारा होने वाले आयोजन को सफल बनाने के लिए गांव-गांव में टोली बनाकर संपर्क किया जा रहा है साथ ही नगर में घर-घर पीले चावल द्वारा आमंत्रण प्रदान किया जाएगा। गृहस्थ संत केशव गिरी महाराज ने कहा कि गायत्री परिवार समाज में धर्म जागरण का एक अद्भुत कार्य कर रहा है जिसमें सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की परंपरा है जो अपने आप में एक अतुलनीय कार्य होता हैं। नरयावली विधायक ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों से समाज में एक प्रेरणा की जागृति होती है तथा लोगों को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्रदान की जाती है। इस अवसर पर उन्होंने नगर पालिका निधि से पांच लाख की राशि देने की घोषणा की साथ ही गौर वाटिका पार्क का नाम बदलकर मां गायत्री पार्क रखने की घोषणा की। गायत्री परिवार सागर के रघुनाथ हजारी ने कहा गायत्री परिवार के माध्यम से निशुल्क संस्कार कराए जाएंगे। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के अखिलेश पाठक, आरडी शर्मा, राजकुमार मिश्रा, योगेश गुप्ता, देवेंद्र हजारी, अजीत सिंह ठाकुर, जी पी सक्सेना, बद्री विशाल साहू, डी एल साहू सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के सदस्य और भक्त एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### सागर गढ़ाकोटा मार्ग पर गंदगी का अंबार, प्रशासन मूक दर्शक



सागर। जहां एक ओर देश में प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छता का संदेश ओर लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रहे हे मगर सागर जिले के अधिकारी उनके अरमानों को पलीता लगाने में लगे हुए हैं। यहां के मुख्य मार्गो पर सड़क के दोनों और लगे कचरे के ढेर लगे हुए है।हम बात कर रहे है सागर से गढ़ाकोटा मार्गे में आने वाले परासिया, चनौआ, रोन कई ग्रामों के मेन मार्ग के रास्तों पर दोनों तरफ कचरे की ढेर लगे हुए हैं। जिसके चलते यहां से आवागमन करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। वही गांव-गांव में गंदगी पसरी हुई है ।पंचायत सफाई अभियान तो दूर की बात है सामान्य रूप से सफाई पर ध्यान नहीं दे रही है ।जिससे गांव में बीमारियां की आशंका बनी हुई है । चनौआ गांव सागर दमोह मार्ग पर है लेकिन सड़कों पर कचरे की ढेर लगे है।

### एकता समिति ने वृद्धाश्रम में जयंती मनाई

सागर। एकता समिति ने दो वीरांगनाओं महारानी लक्ष्मीबाई एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की जन्म जयंती वृद्धाश्रम में मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमेरिका से पधारे विकास भाई पटेल ने की। कार्यक्रम प्रारंभ में सर्वधर्म चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया । अध्यक्ष सुधीर जैन ने कहा कि हमें हमारे देश के महापुरुषों को नहीं भूलना चाहिए जिन्होंने देश की उन्नति विकास के लिए अपने प्राणो की आहुतियां दी। विकास भाई ने अमेरिका के संस्मरण सुनाते हुए कहा कि मैं भारत का रहने वाला हूं यहां जैसी आत्मीयता मुझे कहीं नहीं दिखी और सागर शहर से मेरा बचपन बीता यही पले-बड़े लगाव है। सदस्यों ने वृद्ध आश्रम में सभी को मिठाई नमकीन वितरण किया । कमल चंद जैन राजेंद्र मामा ने भक्ति भाव से भजन प्रस्तुत किये। इस अवसर पर चंपक भाई जैन, निलेश समैया, प्रमोद पटेल, अजीतजैन नरेंद्र जैन , प्रमोद चौरसिया, देवेंद्र सेन उपस्थित थे। संचालन प्रदीप समैया ने किया। आभार व्यक्त विकास भाई ने व्यक्त किया।

**आवेदन 27 नवंबर तक जमा होंगे:सागर।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत 7 दिसंबर को द्वारकाधीश यात्रा के लिये नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में निवास करने वाले योग्य नागरिकों के आवेदन करने की अंतिम तिथि 27 नवंबर है। नगर निगम की योजना शाखा में शाम 4 बजे तक आवेदन जमा किये जायेगें। योजना से संबंधित आवेदन करने की जानकारी योजना शाखा के कक्ष क्रमांक 8 से ली जा सकती है।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर की जायेगी कार्यवाही

# जिन वाहनों पर पांच या पांच से अधिक ई-चालान हैं उन्हें जब्त करें: कलेक्टर

**विजय मत, सागर**

यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर पांच या पांच से अधिक ई-चालान जिन वाहनों पर जनरेट किये गये हैं उन वाहनों की जब्ती की कार्यवाही करें। उक्त निर्देश कलेक्टर श्री संदीप जी. आर. ने दिये हैं। सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के इंटेलिजेंट ट्रेफिक मैनेजमेंट सिस्टम द्वारा शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। शहर में दो-पहिया वाहनों पर बिना हेलमेट, तीन सवारी और रेड लाईट का उल्लंघन जैसे यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर आईटीएमएस के अंतर्गत चौराहों पर लगे अत्याधुनिक आरएलवीडी कैमरों, ऐएनपीआर कैमरों की मदद से ई-चालान की कार्यवाही की गई है। उक्त ई-चालान की सूचना संबंधित वाहन मालिकों के पास मैसेज, ऑनलाइन माध्यम से दी गई और कॉल करके भी चालान जमा करने हेतु सूचित किया गया। उक्त वाहन चालकों द्वारा चालान न भरने के साथ ही बार-बार यातायात नियमों का उल्लंघन किया गया है, जिसके कारण एक वाहन पर कई ई-चालान जनरेट और पेंडिंग हैं। 435 वाहन मालिकों के 5 चालान सहित इससे अधिक चालान वाले 997 वाहन मालिकों पर सख्त कार्यवाही के निर्देश कलेक्टर एवं सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अध्यक्ष श्री संदीप जी. आर. ने पुलिस विभाग को दिये। ई-चालान जनरेट होने के तत्काल सूचना मिलने से 15 दिन के अंदर चालान की जुर्माना राशि ऑनलाइन या यातायात थाने के माध्यम से जमा की जाती है। ऐसे सभी वाहन जिन पर ई-चालान का भुगतान बाकी है उनके प्रकरण वर्चुअल कोर्ट के माध्यम से माननीय न्यायलय के समक्ष प्रस्तुत किये गये हैं। कलेक्टर श्री संदीप जी. आर. ने उक्त सभी लापरवाह वाहन चालकों द्वारा ई-चालान का भुकतान न करने पर वाहनों की जब्ती के साथ ही सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं। निर्देशानुसार 5 और 5 से अधिक चालान वाले कुल 997 वाहन मालिकों पर वाहन जब्ती के साथ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। आपके वाहन की जब्ती कार्यवाही न हो इसके लिए नागरिक अपने वाहनों पर ई-चालान की जानकारी पर ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर भुगतान कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए वाहन मालिक थाना यातायात कटरा बाजार या सिविल लाईन स्थित कार्यालय में उपस्थित होकर अपने प्रकरण का निराकरण करायें अन्यथा की स्थिति में वाहन जब्ती की कार्यवाही की जायेगी।

## 15 दिसंबर तक सभी राजस्व प्रकरणों का निराकरण करे: कलेक्टर

सागर। राजस्व महा अभियान पॉइंट 3 के अंतर्गत राजस्व प्रकरणों का शीघ्रता से किया जा रहा है निराकरण, एवं 15 दिसंबर तक सभी राजस्व प्रकरणों का तत्परता के साथ निराकरण करे। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने राजस्व महाअभियान की समीक्षा में दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी श्री रुपेश उपाध्याय मौजूद थे। कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि राजस्व महाअभियान 3.0 के अंतर्गत सभी राजस्व प्रकरणों का निराकरण शीघ्रता से कर हितग्राहियों को लाभान्वित करें साथ में जिन तहसीलदारों द्वारा राजस्व महाअभियान 3 में प्रगति नहीं आई है उनके प्रति आप्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। प्रगति न लाने वाले तहसीलदारों में बंडा, शाहगढ़, खुरई, बहरोल सागर ग्रामीण ,राहतगढ़ आदि शामिल है। अपर कलेक्टर श्री रुपेश उपाध्याय ने बताया कि राजस्व महाअभियान 3 के अंतर्गत सागर जिले के 2010 ग्रामों में से 75त्न ग्रामों में बी 1 वाचन किया जा चुका है जबकि 1569 नामांतरण की प्रकरणों का निराकरण किया गया है। इसी प्रकार अभिलेख दुरुस्ती के 48 प्रकरणों के लक्ष्य में से 25 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। जबकि दो सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण किया गया है। बटवारा की 254 प्रकरणों में से मात्र 5 दिन में 29 प्रकरणों का निराकरण किया गया है और लगातार कार्य किया जा रहा है।

**जनसुनवाई में हुई 246 आवेदनों पर कार्यवाही: सागर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 246 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। इस दौरान कलेक्टर श्री संदीप जी आर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक के वी, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अदिति यादव, डिप्टी कलेक्टर श्री विजय डेहरिया, डिप्टी कलेक्टर नवीन सिंह ठाकुर सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई। जिले के 246 आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया गया।

## 'एमपीयूडीसी एवं एजिस के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई



**विजय मत, सागर**

नगर निगम परिषद के विशेष सम्मेलन में लिए गए निर्णय अनुसार टाटा प्रोजेक्ट एवं सीवर के शेष रह गये कार्यों को पूर्ण करने के संबंध में महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी, निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार एवं नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार टाटा, सीवर प्रोजेक्ट, एमपीयूडीसी, नगर निगम एवं एजिस के अधिकारियों की उपस्थिति में पंतनगर पानी की टंकी परिसर में संयुक्त बैठक आयोजित की गई। जिसमें काकागंज, पंतनगर, अंबेडकर एवं संतकबीर वार्ड में टाटा, सीवर प्रोजेक्ट, एमपीयूडीपी नगर निगम एवं एजिस के अधिकारियों द्वारा भ्रमण कर किये गये सर्वे की जानकारी प्रस्तुत की गई। जिन वार्डो की गलियों में टाटा एवं सीवर प्रोजेक्ट द्वारा पाइप लाइन नहीं डाली जाना है, उनका सर्वे करके उन गलियों में नगर निगम द्वारा पाइपलाइन डालने की कार्रवाई की जाए। इस संबंध में पूर्व में हुई बैठक में निगमायुक्त राजकुमार खत्री द्वारा पाईप लाईन डालने हेतु छूट गये स्थानों पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये हैं । बैठक में पार्षदों ने टाटा एवं सीवर के कार्यो के दौरान सड़कों के रि-स्टोरेशन कार्य शीघ्र पूर्ण करने के संबंध में टाटा एवं सीवर प्रोजेक्ट के अधिकारियों से चर्चा की। बैठक के दौरान टाटा प्रोजेक्ट के अधिकारियों ने शेष रह गए कार्यो को दिसम्बर माह में पूर्ण करने हेतु किए जा रहे कार्यो की जानकारी दी। बैठक में पार्षद धमेंद्र खटीक, नीरज गोलू कोरी, विशाल खटीक भरत माते, कार्यपालन यंत्री विजय दुबे, सहायक यंत्री संजय तिवारी, उपयंत्री रामाधार तिवारी सहित टाटा सीवर प्रोजेक्ट एमपीयूडीसी एजिस के अधिकारी उपस्थित थे।

# बीना रिफाइनरी की लापरवाही से गैस टैंकर चालक परेशान, सड़क के दोनों तरफ लगी लंबी कतारें

**विजय मत, बीना**

बीना की बीपीसीएल रिफाइनरी के अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा इन दिनों कई गैस टैंकर चालक भुगत रहे हैं। कई टैंकर चालक चार-पांच दिन से सड़क किनारे खड़े हुए हैं। एक दिन में करीब 35 से 40 टैंकर रिफिल किए जा रहे हैं, लेकिन इससे ज्यादा टैंकर बुलाए जा रहे हैं, जिससे सड़क के दोनों ओर लंबी कतार लग गई है। इसके चलते सड़क से गुजरने वाले अन्य वाहनों को भी परेशानी हो रही है। टैंकर चालक जोगेंद्र सिंह और धर्मेंद्र जाट ने बताया कि वे चार दिन से यहां खड़े हुए हैं। 13 नवंबर को जो गाड़ियां आई थीं, उनकी सोमवार को रिफिलिंग हुई, जबकि वे 16 नवंबर को यहां पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि एक दिन में केवल 35-40 टैंकर ही रिफिल किए जा रहे हैं, जिससे वेटिंग लंबी हो गई। बाहर रुकने के लिए न तो जगह है और न ही अच्छा खाना मिल रहा है। इसके अलावा, सड़क के दोनों तरफ गैस टैंकरों की करीब एक किलोमीटर लंबी कतार लग गई है। टैंकर चालक देवेन्द्र सिंह ने बताया कि एक दिन में करीब 40 टैंकर भरने की क्षमता है, इसके बावजूद ज्यादा टैंकर बुलाए जा रहे हैं, जबकि रिफाइनरी प्रबंधन और प्लांट संचालकों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए। पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र के एलपीजी गैस प्लांटों में स्टॉक कम होने के कारण उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड से बड़ी संख्या में गैस टैंकर बीना रिफाइनरी भेजे गए हैं। बरेली, उत्तर प्रदेश से टैंकर लेकर आए धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल के एलपीजी गैस प्लांटों में माल की कमी हो गई है, जिससे नोएडा स्थित भारत पेट्रोलियम के अधिकारियों ने बड़ी संख्या में गाड़ियां बीना रिफाइनरी भेज दी हैं। कानपुर से टैंकर लेकर आए रामेश्वर पाल ने बताया कि वह पहली बार यहां आए हैं और दो दिनों से खड़े हैं, जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है। टैंकरों की ज्यादा संख्या को देखते हुए यहां के होटल संचालकों ने भी 70 रुपए वाली थाली के दाम 90 रुपए कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, रिफाइनरी के गेट के दोनों तरफ खड़खड़ के किनारे करीब 275 टैंकर खड़े हुए हैं। रिफाइनरी के अंदर बनी पार्किंग में करीब 150 टैंकर खड़े हैं। गेट के बाहर बनी पार्किंग में करीब 80 टैंकर खड़े हैं, और बंद हो चुके पेट्रोल पंप परिसर में करीब 25 टैंकर खड़े हुए हैं। बीना-आगासौद रोड संकरा होने के कारण दोनों तरफ टैंकर खड़े होने से दूसरे वाहन चालकों को निकलने में परेशानी हो रही है। यदि दो वाहन आमने-सामने से क्रॉस होते हैं, तो टकराने का डर रहता है और वाहन चालक दुर्घटना का शिकार भी हो सकते हैं। तीन दिन पहले एक एक्सीडेंट हुआ, जिसमें दो लोग घायल हो गए थे। टैंकर चालकों का कहना है कि यहां कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हें मजबूरी में टैंकर सड़क किनारे खड़ा करना पड़ता है। कोई भी घटना होती है तो पूरा दोष टैंकर चालकों पर डाल दिया जाता है, और कई बार उनके साथ मारपीट भी की जाती है।

# बीना में दुर्घटना में चार लोगों की मौत, अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**विजय मत, बीना**

बीना के बेलई तिराहा के पास सोमवार रात को अज्ञात वाहन की टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक को गंभीर हालत में सागर रेफर कर दिया गया है। बाइक सवार तीनों युवक खिमलासा से मजदूरी करके बीना लौट रहे थे। जानकारी के मुताबिक, बाइक सवार अनुराग पिता बालकिशन कुशवाहा (20) निवासी हड़कल पार, रोहित लोधी (24) निवासी मेवली और हर्षित पिता देवेंद्र कुशवाहा (19) निवासी बरदौरा, जो खिमलासा से बीना आ रहे थे, बेलई तिराहा के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। घटना में अनुराग और रोहित की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि हर्षित के सिर में गंभीर चोटें आईं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और डायल 100 की मदद से घायल को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, मृतकों के शव को सिविल अस्पताल के मर्चुरी में रखा गया, जिनका मंगलवार को पोस्टमार्टम किया जाएगा। घायल हर्षित को बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज, सागर रेफर किया गया है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, सागर

क्र./नामा.शा./न.नि./2024-25/39 सागर दिनांक-14-11-2024

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सागर सीमान्तर्गत नीचे दिए गए मयन/पाटों पर काम दर्ज करने हेतु आवेदन प्राप्त हुए है। अंतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी लिखित आपत्ति सूचना प्रकाशन की 30 दिवस के अन्दर आयुक्त, नगर पालिक निगम सागर के नाम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र. | प्र. क्र | वार्ड का नाम | किस आधार पर भवन/ प्लाट | नाम बेचवार बसीयतनामा दानदाता/वंशानुक्रम | जिस व्यक्ति का दर्ज होना |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1081/24-25 | पंतनगर | रजि. बैनामा शपथपत्र | सौरभ पिता विजय कुमार जैन | पूनम पंडित जितेंद्र पांडेय |
| 2. | 1082/24-25 | अंबेडकर | रजि. बैनामा शपथपत्र | हरप्रसाद पिता चुन्नीलाल लडिया | रामचरण पिता कालूराम लडिया |
| 3. | 108 3/24-25 | बाघराज | रजि. बैनामा शपथपत्र | अंजली पुत्री द्वारका प्रसाद जड़िया | बद्रीप्रसाद पिता नर्मदा प्रसाद मिश्रा |
| 4. | 1084/24-25 | बाघराज | रजि. बैनामा शपथपत्र | दयाल उर्फ परमू पिता स्व.काशीराम पटैल | रामसखी पति प्रेमनारायण विश्वकर्मा |
| 5. | 1085/24-25 | शिवाजी | रजि. बैनामा शपथपत्र | मधुरिमा पति चंचल खरे | संदीप सिंह पिता इंद्राज एवं ममता सिंह पति संदीप सिंह दांगी |
| 6. | 1086/24-25 | तिलकगंज | रजि. बैनामा शपथपत्र | अर्चना पति राजू व आदर्श सपना हिमांशु,सभी पिता राजू पटैलव मोनिका पुत्री राजू पति गौरम कुशवाहा व लक्ष्मण पिता बलराम पटैल | प्रमोद पिता गजराज पटैल |
| 7. | 1087/24-25 | तुलसीनगर | रजि. बैनामा शपथपत्र | राजकुमार पिता सुंदरादास व ऊषा पति राजकुमार रोहरा | लखन पिता बघराम हनवानी |
| 8. | 1088/24-25 | अंबेडकर | रजि. बैनामा शपथपत्र | मं. चौधरी बिल्ड. एंड डेव.द्वारा प्रदीप कुमार पिता शीतलचंद व नीलेश पिता राजकुमार जैन | मनीषा पति अनुराग जैन |
| 9. | 1089/24-25 | बाघराज | रजि. बैनामा शपथपत्र | स्वर्णलता तिवारी पति आशीष लहरिया | अंजुलता पति श्रवण श्रीवास्तव |
| 10. | 1010/24-25 | मोहननगर | मृत्यु प्रमाण पत्र शपथपत्र | दिनेश कुमार, शरद पिता हरप्रसाद सैनी | उमेश पति स्व. दिनेश व अभिषेक, अभिनव, नंदनी पिता स्व. दिनेश सैनी |

कृते-आयुक्त
निगम पालिक निगम, सागर


## खास खबर

### कैमरे की मदद से तलाश गए गुम हुए बैग

# डायल 100 के प्रयास से दो मुरझाए चेहरों पर आई मुस्कान



**विजय मत, सागर**

पुलिस कंट्रोल रूम सागर में सागर यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहे छात्र कृपाल सिंह बुंदेला ने आकर उप निरीक्षक आर के एस चौहान को बताया कि मैं हर सिद्धि बस द्वारा करीपुर से सागर आ रहा था बस से मेरा बैग कहीं चोरी हो गया है इसमें मेरे पहली क्लास से लेकर अभी तक के सभी क्लास की मार्कशीट आधार कार्ड पैन कार्ड एवं जरूरी डॉक्यूमेंट है कैसे भी करके मेरा बैग ढूंढवा प्लीज ,कृपाल सिंह बहुत ही ज्यादा भावुक थे पुलिस कंट्रोल रूम में उपस्थित सीसीटीवी इंजीनियर पुष्पराज को इस कार्य हेतु लगाया गया शांति से पूरी बात कृपाल सिंह से सुनकर मकरोनिया चौराहे के कैमरे देखने पर पता लगा कि इनका बैग एक बुजुर्ग माताजी लेकर मकरोनिया चौराहे पर उतर गई है जब आगे देखा तो माताजी एक अन्य बरकोटी बस में यह बैग लेकर चढ़ते हुए भी दिख गई बस का नंबर पता किया नंबर से मोबाइल नंबर पता किया जो मोबाइल नंबर मिला उनसे बरकोटी बस के कंडक्टर का नंबर मिला कंडक्टर से जब पूछा तो वह ठीक से नहीं बता पाए पर पीछे से एक सवारी ने बताया कि यह माताजी नन्ही देवरी में उतरी है कंट्रोल रूम से तुरंत डायल हंड्रेड गौरझामर को नन्हीं देवरी पता करने हेतु भेजा गया साथ ही सीसीटीवी फुटेज भी डायल 100 स्टाफ को भेजकर पता लगाने हेतु बताया गया लगभग 1 घंटे की मशक्कत के बाद माता जी का पता लग गया कि वह नन्हीदेवरी में किस घर में गई है वहां जाने पर वह बैग और बैग में रखें सभी कागज सही सलामत मिल गए माता जी ने बताया कि गलती से हम यह बैग ले आए मेरा बैग कहीं छूट गया है जिसमें मेरी जिंदगी भर की कमाई 8500 रुपए और एक धोती और ब्लाउज और चार बिही जो मैं अपने नातियों के खाने लिए लेकर आ रही थी रखे हैं और रोने लगी फोन पर ही माताजी को ढांढस बंधाया आपका भी बैग ढूंढ देंगे चिंता न करो माता जी का बैग कहा हे पता करने हेतु हरसिद्धि बस का पता किया गया हरसिद्धि बस के कंडक्टर का नंबर लेकर जब उनको लगाया तो उन्होंने बताया कि हां 1 बैग तो बस में रखा है संयोग से थाना प्रभारी गौरझामर हरिराम मानकर जनसुनवाई हेतु कंट्रोल रूम में ही उपस्थित थे उनको बताया गया कि बस लौटकर सागर सिविल लाइन आने वाली हे थाना प्रभारी स्वयं सिविल लाइन चौराहे पर पहुंचे एवं कंडक्टर से बैग वापस लिया जिसमें माताजी की एक धोती ब्लाउज एवं ब्लाउज के अंदर रखे आठ हजार पांच सौ रुपए एवं चार बिही मिल गए माता जी को फोन करके बताया। तो सुनकर वे भी खुश हो गई।

## न्यूज इन शॉर्ट

### कैफे में बदमाश ने युवती के साथ गालीगलौज कर की मारपीट

**भोपाल।** टीटी नगर थाना इलाके में एक कैफे में बदमाश ने एक युवती के साथ गालीगलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। आरोपी की मारपीट से युवती को दाहिने हाथ, पेट और गले के पास चोट आई है। पुलिस के अनुसार मैनिट कैंपस, कमला नगर में रहने वाली साक्षी खरे पिता बालाप्रसाद (25) ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह न्यू मार्केट में एक दुकान पर काम करती है। दो दिन पहले रात करीब 10ब जे वह नीड मोर कैफे हाट बाजार, टीटी नगर पर चाय पीने गई थी। उसी दौरान वहा उसका परिचित रोहित आ गया और उससे गाली गलौज करने लगा। साक्षी ने जब उसे गालियां देने का विरोध करते हुए वहॉ से जाने का प्रयास किया तब वह भड़क गया और उसके साथ मारपीट करने लगा। मारपीट से उसे दाहिने हाथ, पेट व गले पर दाहिने तरफ चोट आई है। हंगाता होता देख युवती के साथ मौजूद उसकी दिव्यांशी, अजय और अंकित ने जैसै-तैसै बीच बचाव कर उसे बचाया। इस बीच रोहित उसे मारने की धमकी देते हुए वहॉ से फरार हो गया। बाद में थाने पहुंची युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### सालों बाद मिले स्कूली दोस्त ने प्रेम-जाल में फंसाकर किया दुष्कर्म

**भोपाल।** महिला थाना पुलिस ने युवती की शिकायत पर उसके स्कूली दोस्त के खिलाफ रेप का प्रकरण दर्ज किया है। आरोप है कि काफी सालो बाद आरोपी की युवती से मुलाकात हुई थी, मिलने-जुलने के दौरान ही उनके बीच प्रेम-प्रसंग हो गया। इसके बाद शादी का झांसा देकर आरोपी ने करीब नौ महीने तक उस शारीरिक शोषण किया और फिर युवती से दुरियां बनाते हुए शादी करने से इंकार कर दिया। थाना पुलिस के अनुसार 22 वर्षीय युवती अशोका गार्डन इलाके में किराए से रहते हुए निजी काम करती है। इसी साल जनवरी महीने में उसकी मुलाकात कई साल पहले स्कूल में साथ पढ़ने वाले आकिफ से हुई थी। स्कूली समय में उनके बीच काफी अच्छी दोस्ती थी। काफी समय बाद मिलकर दोनो को काफी अच्छा लगा और उनके बीच बातचीत और मिलना-जुलना होने लगा। जल्द ही उनके दोस्ती प्रेम-प्रसंग में बदल गई। आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देते हुए उसका शारीरिक शोषण करना शुरू कर दिया। बीते दिनो आरोपी का व्यवहार उसके प्रति बदलने लगा और उसने युवती से दुरियां बनाते हुए उससे मिलना बदं करते हुए उसका फोन भी उठाना छोड़ दिया। उसके इरादे जान गुस्साई पीड़िता ने पुलिस में शिकायत की। आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस उसकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। पुलिस ने बताया की आरोपी की धरपकड़ के बाद ही उसके बारे में अधिक जानकारी पता चल सकेगी।

### रास्ते में मिली पत्नी को पति ने दिया तीन तलाक

**भोपाल।** अशोका गार्डन थाना पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर उसके पति के खिलाफ तीन तलाक दिये जाने का मामला कायम किया है। जानकारी के अनुसार इलाके में रहने वाले वाले पति-पत्नी के बीते काफी समय से पारिवारिक विवाद के कारण अलग-अलग रह रहे हैं। आरोपी पति सगीर के खिलाफ उसकी पत्नी ने घरेलू हिंसा का प्रकरण दर्ज कराया था, वहीं पति भी पत्नि से तलाक लेना चाहता है। बताया गया है की बीते दिन एकतापुरी में पति-पत्नि का आमना-सामना हो गया। पति सगीर ने पत्नि को रोककर बातचीत करते हुए कहा कि मैंने तलाक का नोटिस कई भेजा है, तुम उस नोटिस को रिसीव क्यों नहीं करती। इस बात को लेकर दोनो के बीच बहसबाजी हो गई। गुस्साये पति ने मोके पर ही पत्नी को तीन बार तलाक दे दिया। इसके बाद पीड़िता पुलिस थाने जा पहुंची पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मुस्लिम महिला अधिनियम की धाराओ के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्यवाही कर रही है।

### छात्रा को शादी का झांसा देकर कोचिंग संचालक ने तीन साल तक किया दुष्कर्म

**भोपाल।** जहांगीराबाद पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर कोचिंग संचालक के खिलाफ दुष्कर्म का प्रकरण किया है। आरोप है की कोचिंग संचालक करीब तीन साल से शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण कर रहा था। बीते दिनों आरोपी ने उसके साथ शादी करने सें इकार कर दिया जिसके बाद मामला पुलिस थाने पहुंच गया। थाना पुलिस के मुताबित कोलार इलाके में रहने वाली 27 वर्षीय युवती ने अपनी शिकायत में बताया कि वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है, जिसके लिये जहांगीराबाद इलाके में स्थित एक कोचिंग में पढ़ने जाती थी। इस कोचिंग का संचालक आरोपी रंजीत मूल रुप से रायसेन जिले का रहने वाला है, और यहां पर किराए से रहता है। पढ़ाई के दौरान ही आरोपी ने उससे जान-पहचान बढ़ानी शुरु कर दी, बाद में उनके बीच खासी दोस्ती हो गई। नजदीकियां बढ़ने पर रंजीत युवती को बहाने से अपने कमरे पर लेकर गया और वहॉ उसके साथ जर्बदस्ती शारीरिक संबंध बना डाले। पीड़िता के विरोध करने र आरोपी ने उससे कहा कि वह उससे प्यार करता है, और जल्द ही उसके साथ शादी कर लेगा। उसके झांसे में आकर युवती ने उस समय शिकायत नहीं की थी। इसके बाद आरोपी ने लगातार उसका शारीरिक शोषण करना शुरू कर दिया।

**ट्रैफिक जाम सहित अन्य कारणों को समझने बनाई जाएगी समिति**

# एक साल बाद फिर यातायात सुधारने के प्रयास, चार विभाग मिलकर बनाएंगे रिपोर्ट

**विजय मत, भोपाल**

शहर में यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए एक बार फिर से जिला प्रशासन ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। इसको लेकर चार विभाग जिला प्रशासन, नगर निगम, यातायात पुलिस और परिवहन के अधिकारियों की समिति का गठन किया जाएगा। यह समिति शहर के यातायात पर सर्वे कर रिपोर्ट तैयार करेगी और उसी के आधार पर आगे व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। यह निर्देश कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सोमवार को यातायात सुरक्षा समिति की बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए हैं।उन्होंने कहा कि वह जल्द ही अगली बैठक लेंगे जिसमें समिति को प्रजेंटेशन देना होगा।बता दें नवदुनिया द्वारा लगातार शहर में अवैध पार्किंग और अव्यवस्थित यातायात को लेकर खबरें प्रकाशित की जार ही है।



### इन मार्गों पर जाम व दुर्घटनाएं अधिक

करोंद चौराहा, नादरा बस स्टैंड, भारत टाकीज चौराहा, बागसेवनिया थाना चौराहा, राजीव गांधी चौराहा, 10 नंबर मार्केट, व्यापमं चौराहा, बंसल अस्पताल के सामने वाली सडक़, अन्ना नगर, प्रभात चौराहा,रंग महल से टीटी नगर थाना जाने वाली सड़क सहित अन्य क्षेत्रों में यातायात जाम और दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

### इनका कहना है

शहर के यातायात को व्यवस्थित करने के लिए विभागों के साथ मिलकर समस्याओं को चिन्हित किया जाएगा। अगली सुरक्षा समिति की बैठक में ट्रैफिक की समस्या के समाधान पर चर्चा होगी।

■ **संजय सिंह**, डीसीपी यातायात

शहर में विभिन्न स्थानों पर निर्माण कार्य भी चल रहे हैं। जहां यातायात व्यवस्था बिगड़ती है, जबकि अन्य स्थानों पर अन्य कारणों से जाम के हालात बनते हैं। इन सभी कारणों का पता लगाने समिति बनाई जाएगी। जिसकी रिपोर्ट के आधार पर यातायात सुधार कार्य किए जाएंगे।

■ **कौशलेंद्र विक्रम सिंह**, कलेक्टर

***एक वर्ष पहले हुई थी बैठक, सड़क पर उतरे थे कलेक्टर...*** *शहर के यातायात को सुधारने को लेकर एक वर्ष पहले तत्कालीन कलेक्टर आशीष सिंह ने अधिकारियों के साथ बैठक ली थी। साथ ही वह स्वयं पिछले साल 15 जून, 10 जुलाई और 21 नवंबर को सडक़ों पर उतरे थे। इस दौरान कलेक्टर ने विभिन्न चौराहों की रोटरियों, लेफ्ट टर्न और कई ब्लाइंड स्पाट चिह्नित कर नगर निगम और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को सुधारने के निर्देश दिए थे, लेकिन चुनावी वर्ष होने के कारण यह काम पूरा नहीं हो सका है। अब कलेक्टर ने एक बार फिर से प्रयास शुरू किए हैं।*

## विश्व शौचालय दिवस: सार्वजनिक शौचालय में नागरिकों के लिए साफ-सफाई सहित अन्य सुविधाएं बेहतर ढंग से उपलब्ध कराई जाए: महापौर



**विजय मत, भोपाल**

महापौर श्रीमती मालती राय ने विश्व शौचालय दिवस पर न्यू मार्केट स्थित शौचालयों का औचक निरीक्षण किया और साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक न पाए जाने पर सुलभ इंटरनेशनल सोशल ऑर्गेनाइजेशन पर 02 हजार रूपये का स्पॉट फाइन करने के निर्देश दिए साथ ही निर्देशित किया कि सार्वजनिक शौचालय नागरिकों की सुविधा के लिए हैं और इनमें आमजन के लिए साफ सफाई सहित अन्य सुविधाएं बेहतर ढंग से उपलब्ध कराई जाएं। महापौर श्रीमती राय ने यहां स्थित महिला शौचालय का भी निरीक्षण किया और शौचालय से संलग्न महिला फीडिंग रूम का ताला भी खुलवाया। इस अवसर पर महापौर परिषद के सदस्य आर के सिंह बघेल, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी राजीव सक्सेना के अलावा व्यापारीगण एवं निगम अधिकारी उपस्थित थे।

महापौर श्रीमती मालती राय ने मंगलवार को शौचालय दिवस के उपलक्ष में न्यू मार्केट स्थित वार्ड 33 कार्यालय के पास सुलभ शौचालय का औचक निरीक्षण किया और साफ-सफाई सहित नागरिकों की सुविधा हेतु व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। महापौर श्रीमती राय ने शौचालय में गंदगी पाए जाने पर नाराज़गी व्यक्त करते हुए सुलभ इंटरनेशनल सोशल आग्रेनाईजेशन के प्रबंधक पर 02 हज़ार रूपये का स्पॉट फाईन कराया और सुलभ शौचालय में आमजन के लिए साफ-सफाई सहित अन्य सुविधाएं बेहतर ढंग से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## एम्स भोपाल में विश्व एंटीमाइक्रोबियल जागरूकता सप्ताह का आयोजन: एंटीबायोटिक के सही उपयोग पर जोर



**विजय मत, भोपाल**

एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) अजय सिंह के नेतृत्व में, अस्पताल संक्रमण नियंत्रण समिति द्वारा 'विश्व एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस जागरूकता सप्ताह 2024' का आयोजन, 18 से 24 नवंबर के बीच किया जा रहा है। इस जागरूकता सप्ताह के दौरान एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने और एंटीबायोटिक के जिम्मेदार उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर प्रो. सिंह ने इस जागरूकता अभियान के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, ÷एंटीबायोटिक का अनुचित उपयोग एक उभरता हुआ संकट है और एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेन्स हमारे स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। यह हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है कि हम एंटीबायोटिक का उपयोग केवल तभी करें जब इसकी आवश्यकता हो और इसे सीमित मात्रा में लें। मैं विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के फार्मासिस्टों से यह अपील करता हूं कि वे बिना चिकित्सीय पर्ची के एंटीबायोटिक न दें और इस जागरूकता संदेश को व्यापक रूप से फैलाने का कार्य करें।

## दुकान संचालक से उगाही कर रहा फर्जी पुलिसकर्मी गिरफ्तार

**भोपाल।** राजधानी भोपाल की एमपी नगर पुलिस ने एक ऐसे फर्जी पुलिसकर्मी को पकड़ा है, जो थाने के पास ही कोर्ट चौराहे पर एक दुकान संचालक पर दबाव बनाकर वसूली करने पहुंचा था। फर्जी पुलिसकर्मी के पास से पुलिस लिखी एक बाइक और मोबाइल बरामद किया गया है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते काफी दिनो से एमपी नगर के अलग-अलग स्थानों से पुलिस की वर्दी में एक युवक द्वारा रकम वसूली किए जाने की शिकायत मिल रही थी। पुलिस टीम ने पड़ताल की तब उसका फोटो हाथ लग गया जिसके आधार पर उसकी धरपकड़ के प्रयास किये जा रहे थे। सोमवार शाम को पुलिस को खबर मिली की कथित पुलिसकर्मी कोर्ट चौराहे पर एक दुकानदार पर दबाव बनाते हुए रकम वसूली करने पहुंचा है।

## जिस कोचिंग में परीक्षा की तैयारी करती थी छात्रा, उसी के टीचर ने किया दुष्कर्म

**विजय मत, भोपाल**

27 वर्षीय छात्रा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है। कोचिंग पढ़ाने वाले सर से उसका प्रेम प्रसंग हो गया। बाद में सर ने उसके साथ जबर्दस्ती कर शारीरिक संबंध बना लिए। चुप रहने के लिए शादी का झांसा देता रहा। आखिरकार परेशान छात्रा ने पुलिस की मदद ली। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाली छात्रा जिस कोचिंग में पढ़ने के लिए जाती थी। वहां पर पढ़ाने वाले टीचर से उसका प्रेम-प्रसंग हो गया। तीन साल पहले टीचर ने छात्रा को शादी का झांसा दिया तथा शारीरिक शोषण करना शुरू कर दिया। पिछले दिनों जब टीचर ने शादी करने से मना कर दिया तो छात्रा ने मामले की शिकायत पुलिस को कर दी। पुलिस ने दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि 27 वर्षीय छात्रा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है। वह कोचिंग पढ़ने के लिए जहांगीराबाद इलाके में जाती थी। इस कोचिंग में रंजीत नाम का टीचर था। पढ़ाई के दौरान उनके बीच जान-पहचान हुई बाद में दोस्ती हो गई। उनके बीच जब नजदीकियां बढ़ीं तो रंजीत छात्रा को अपने कमरे पर लेकर गया। यहां पर उसने छात्रा के साथ जबरन शारीरिक संबंध बना लिए। ज्यादती करने के बाद उसने छात्रा को शादी करने का झांसा दे दिया। छात्रा जब झांसे में आ गई तो उसने शारीरिक शोषण करना शुरू कर दिया। छात्रा जब भी शादी की बात कहती तो वह कोई न कोई बहाना बनाकर बात टाल देता था। पिछले दिनों जब उसने शादी का दबाव डाला तो रंजीत ने शादी करने से मना कर दिया। इसके बाद छात्रा ने मामले की शिकायत पुलिस को कर दी। पुलिस ने दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

**सुस्त गति से चल रहा है निर्माण कार्य**

## नगर रेलवे स्टेशन पर बना प्लेटफार्म नंबर चार, पर एफओबी का काम नहीं हुआ, यात्री परेशान

**विजय मत, भोपाल**

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य किया जा रहा है। इसी सिलसिले में स्टेशन का विकास करते हुए प्लेटफार्म चार को तैयार किया गया है। इस प्लेटफार्म पर स्टेशन मास्टर का ऑफिस बनने के साथ शुरू भी होगा गया है, लेकिन अभी तक प्लेटफार्म तीन से चार को जोड़ने के लिए एफओबी का निर्माण नहीं किया गया है।

सीटीओ से आने वाले कई यात्री पटरी पार कर प्लेटफार्म तीन पर आ रहे हैं। वहीं, मल्टी लेवल पार्किंग का भी काम पूरा नहीं हुआ है। स्टेशन पुनर्विकास का कार्य पूरा न होने के कारण स्टेशन पर यात्रियों को समस्या बनी रहती है।




संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को कोई समस्या होती है या स्टेशन मास्टर को सूचना देना है तो स्टेशन के एक नंबर की ओर से बाहर आकर एक किमी लंबा फेरा लगाना पड़ रहा है। इसके बाद प्लेटफार्म चार पर जा सकते हैं। वहीं, कई यात्री तो प्लेटफार्म चार से पटरी पार कर प्लेटफार्म तीन पर आने को मजबूर हैं। स्टेशन के पुनर्विकास कार्य के साथ स्टेशन के बाहर मल्टी लेवल पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है, ताकि लगभग 400 वाहन खड़े हो सकें।

### इनका कहना है

संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन के तीन और चार नंबर प्लेटफार्म के बीच पिलर का काम किया जा चुका है। एक सप्ताह में गर्डर लांचिंग का काम किया जाएगा। वहीं, फरवरी में एफओबी पूरी तरह से यात्रियों के लिए शुरू हो जाएगा।

■ **नवल अग्रवाल**, एसीएम व प्रवक्ता भोपाल रेल मंडल

## ट्रेनो में चोरी करने वाले ने जिलाबदर बदमाश को जीआरपी ने दबोचा

**विजय मत, भोपाल**



राजधानी भोपाल की जीआरपी पुलिस टीम ने एक ऐसे जिला बदर बदमाश को दबोचा है, जो रनिंग ट्रेनो से मौका पाकर मुसाफिरो का माल चोरी कर चंपत हो जाता था। पकड़ा गया बदमाश को शहर के थाना टीला जमालपुरा का आदतन अपराधी होने के कारण जिलाबदर किया गया था। पूछताछ में आरोपी द्वारा कई ट्रेनो में चोरी किये जाने की दर्जन भर वारदातो का राजफाश हो गया। उसकी निशादेही पर पुलिस ने लाखो का माल जप्त किया है।

टीआई जहीर खॉन ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती 6 नवबंर को बैतूल में रहने वाले नारायन सिरोरिया ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह श्रीधाम एक्सप्रेस के कोच नबंर एस-2 में सीट नबंर 70-72 अपनी पत्नि के साथ इटारसी से ग्वालियर का सफर कर रहे थे। रात के समय दंपत्ति अपनी-अपनी बर्थ पर सो गये। नींद खुलने पर देखा तो उनकी सीट पर रखा ट्राली बैग चोरी जा चुका था। चोरी गये बैग में मोबाई, सोने की अंगूठी, हार, मगलसूत्र, कान की झुमक, चांदी की पायल सहित करीब पौने तीन लाख का सामान रखा था। फरियादी की शिकायत मामला कायम कर अज्ञात आरोपी की तलाश के लिये विशेष टीम बनाई गई। टीम में शामिल प्रधान आरक्षक राजेश शर्मा और अनिल सिंह ने स्टेशन सहित आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज खंगाले। फुटेज में एक सदिंग्ध युवक काफी महंगा ट्रैक सूट पहनकर ट्रैन में चढ़ते और उतरते हुए नजर आया।

## विज्ञान मेले में एम.पी. ट्रांसको को मिला द्वितीय स्थान



» **चार दिनों में सवा तीन लाख से अधिक विजिटर्स ने किया अवलोकन**

**विजय मत, भोपाल**

विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार थीम पर आयोजित राष्ट्रीय स्तर के विज्ञान मेले 2024 में एम.पी. पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के स्टॉल को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस उपलब्धि पर ट्रांसको के अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई दी है। महाकौशल विज्ञान परिषद द्वारा वेटरनरी कॉलेज जबलपुर में पहली बार आयोजित महाकौशल विज्ञान मेले में केन्द्र, राज्य, सार्वजनिक क्षेत्र के विभिन्न उपक्रमों सहित शैक्षणिक संस्थाओं के 111 स्टॉल प्रदर्शित किये गये थे। इसमें से एम.पी. ट्रांसको के स्टॉल को द्वितीय स्थान के लिये चयनित किया गया। चार दिवसीय इस विज्ञान मेले में एम.पी. ट्रांसको के स्टॉल में स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों से लेकर आम नागरिकों ने काफी दिलचस्पी दिखाई।

**खास-खबर** **मध्य प्रदेश में उत्तरी हवाओं से तापमान में गिरावट**

## मप्र में रात का तापमान सामान्य से नीचे पहुंचा, ग्वालियर में पहला घना कोहरा

**विजय मत, भोपाल**

प्रदेश में लगातार आ रही उत्तरी हवाओं से कई स्थानों पर रात का तापमान सामान्य से नीचे चला गया है। इसकी वजह से ग्वालियर संभाग के जिलों में सीजन का पहला घना कोहरा देखा गया। अगले कुछ दिनों में दिन के तापमान में भी गिरावट के संकेत मिल रहे हैं।

### ग्वालियर क्षेत्र में कोहरा

सुबह प्रदेश के भिंड, मुरैना और ग्वालियर में अति घना कोहरा छाया रहा। इसके चलते लोगों को सुबह अपनी गाड़ी की लाइट जलाकर आवाजाही करनी पड़ी। इस दौरान दृश्यता सुबह साढ़े आठ बजे 500 मीटर दर्ज की गई। दिन में ग्वालियर संभाग के जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहे।



### खजुराहो में सबसे गर्म दिन

प्रदेश में सर्वाधिक गर्म दिन खजुराहो में रिकार्ड हुआ। वहां अधिकतम तापमान 32.6 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान पचमढ़ी में 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सोमवार को भोपाल का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.9 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 13.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.2 डिग्री सेल्सियस कम रहा।

### रात के तापमान में गिरावट जारी

मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि जमीन से डेढ़ किलोमीटर ऊपर उत्तरी हवा चल रही है। इस वजह से दिन और रात के तापमान में गिरावट जारी है। आने वाले दिनों में तापमान में और अधिक गिरावट होगी। उत्तर भारत में जेट स्ट्रीम बना हुआ है, लेकिन प्रदेश में आने वाली हवाएं शांत हैं। प्रदेश में अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहेगा।

## जनसुनवाई में अधिकारियों ने सुनी आवेदकों की समस्याएं

**जनसुनवाई में 112 आवेदन प्राप्त हुए**



**विजय मत, भोपाल**

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशन में मंगलवार को एडीएम भूपेन्द्र गोयल, अंकुर मेश्राम, डिप्टी कलेक्टर मोहम्मद इकबाल, श्रीमती निधि चौकसे एवं अन्य अधिकारियों ने जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही कर दिया गया। जनसुनवाई में आए नागरिकों से 112 आवेदन प्राप्त हुए।

एडीएम गोयल, मेश्राम ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# पर्यावरण को बचाने की चुनौती

हमारे आस-पास की हर चीज़ पर्यावरण का निर्माण करती है। पृथ्वी विभिन्न वातावरणों से बनी है जिसमें सभी जीवित और निर्जीव चीज़ें सह-अस्तित्व में हैं। प्रकृति की जैविक, भौतिक और प्राकृतिक शक्तियाँ परस्पर क्रिया करके ऐसी परिस्थितियाँ उत्पन्न करती हैं जो जीवों को जीवित रहने देती हैं पर्यावरण उन सभी भौतिक, रासायनिक एवं जैविक कारकों की समष्टिगत एक इकाई है जो किसी जीवधारी अथवा पारितंत्रीय आबादी को प्रभावित करते हैं तथा उनके रूप, जीवन और जीविता को तय करते हैं। पर्यावरण वह है जो कि प्रत्येक जीव के साथ जुड़ा हुआ है और हमारे चारों तरफ़ वह हमेशा व्याप्त होता है। संपूर्ण ब्रह्मांड में आज तक के ज्ञात समस्त ग्रहों में से पृथ्वी एक मात्र ऐसा ग्रह है जहाँ जैविक क्रियाओं को संचालित करने वाली परिस्थितियाँ मौजूद हैं। यही कारण है कि पृथ्वी पर विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों एवं जंतुओं के रूप में जीवन विद्यमान है। हम चाहें कि पृथ्वी के अतिरिक्त किसी अन्य ग्रह पर जा कर रह सकें तो यह अत्यंत कठिन ही नहीं, बल्कि असंभव भी है। इसलिए आवश्यक है कि हम सभी इस धरती को जहाँ हम निवास करते हैं और अपनी समस्त गतिविधियों को बनाए रखना हैं, सभी प्रकार से बचाने का कार्य करें। इस लक्ष्य की पूर्ति को ध्यान में रखकर पर्यावरण दिग्दर्शिका नामक पुस्तक की रचना की गई है। जिसे डॉ दया शंकर त्रिपाठी, पर्यावरणविद, हिंदी प्रकाशन समिति, बी एच यू के सदस्य व विज्ञान गंगा के उपसंपादक के द्वारा लिखी गई है इस पुस्तक में निरंतर प्रदूषित हो रहे पर्यावरण से संबंधित विभिन्न पहलुओं को सरल भाषा में लिखा गया है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के हिन्दी प्रकाशन समिति एवं वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के आंशिक वित्तीय सहयोग द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक में धरती और इसका पर्यावरण, प्राकृतिक संसाधन, ऊर्जा और उसके वैकल्पिक स्रोत, पारिस्थितिक तंत्र, प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापन, जनसंख्या एवं पर्यावरण आदि सहित कुल 14 अध्याय हैं। इनके साथ ही, अन्त में संदर्भ व पठनीय ग्रंथों की सूची तथा वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली (हिंदी व अंग्रेजी) तथा दीर्घ एवं लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गए हैं।

### नोट

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# बच्चों के अधिकारों का हो सम्मान

**योगेश कुमार गोयल**

बाल दिवस केवल भारत में ही नहीं बल्कि विश्व के अधिकांश देशों में मनाया जाता है। भारत में बाल दिवस प्रतिवर्ष 14 नवम्बर को मनाया जाता है लेकिन बच्चों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यह दिवस 20 नवम्बर को मनाया जाता है। यह दिवस हमें बच्चों के अधिकारों की वकालत करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है। इस वर्ष यह दिवस 'प्रत्येक बच्चे के लिए, प्रत्येक अधिकार' विषय के साथ मनाया जा रहा है, जो यह सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर देता है कि सभी बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सुरक्षा और सुरक्षित वातावरण सहित उनके मौलिक अधिकारों तक पहुंच हो। वैश्विक स्तर पर इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दुनियाभर में बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार करना, उनकी समस्याओं को हल करना, उनके कल्याण के लिए काम करना तथा अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता को बढ़ावा देना है। बाल दिवस दुनियाभर में 190 से ज्यादा देशों में मनाया जाता है और अनेक देशों में इसे मनाने की तारीखें अलग-अलग हैं। जनवरी माह से लेकर दिसम्बर तक हर माह किसी न किसी देश में बाल दिवस का आयोजन होता है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा 20 नवम्बर 1954 को 'अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस' मनाए जाने की घोषणा की गई थी, जिसका उद्देश्य यही था कि इस विशेष दिन के माध्यम से अलग-अलग देशों के बच्चे एक-दूसरे के साथ जुड़ सकें, जिससे उनके बीच आपसी समझ तथा एकता की भावना मजबूत हो सके। सर्वप्रथम बाल दिवस जेनेवा के इंटरनेशनल यूनियन फॉर चाइल्ड वेलफेयर के सहयोग से विश्वभर में अक्तूबर 1953 में मनाया गया था। विश्वभर में बाल दिवस मनाए जाने का विचार वी के कृष्ण मेनन का था, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1954 में अपनाया गया था। संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्वभर के तमाम देशों से अपील की गई थी कि वे अपनी परम्पराओं, संस्कृति तथा धर्म के अनुसार अपने लिए कोई एक ऐसा दिन सुनिश्चित करें, जो सिर्फ बच्चों को ही समर्पित हो। वैसे तो बाल दिवस मनाए जाने की शुरूआत वर्ष 1925 से ही हो गई थी लेकिन वैश्विक रूप में देखें तो इसे दुनियाभर में मान्यता मिली 1953 में।



अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस पर विशेष

> संयुक्त राष्ट्र द्वारा 20 नवम्बर 1954 को 'अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस' मनाए जाने की घोषणा की गई थी, जिसका उद्देश्य यही था कि इस विशेष दिन के माध्यम से अलग-अलग देशों के बच्चे एक-दूसरे के साथ जुड़ सकें, जिससे उनके बीच आपसी समझ तथा एकता की भावना मजबूत हो सके। सर्वप्रथम बाल दिवस जेनेवा के इंटरनेशनल यूनियन फॉर चाइल्ड वेलफेयर के सहयोग से विश्वभर में अक्तूबर 1953 में मनाया गया था। विश्वभर में बाल दिवस मनाए जाने का विचार वी के कृष्ण मेनन का था, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1954 में अपनाया गया था। संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्वभर के तमाम देशों से अपील की गई थी कि वे अपनी परम्पराओं, संस्कृति तथा धर्म के अनुसार अपने लिए कोई एक ऐसा दिन सुनिश्चित करें, जो सिर्फ बच्चों को ही समर्पित हो। वैसे तो बाल दिवस मनाए जाने की शुरुआत वर्ष 1925 से ही हो गई थी लेकिन वैश्विक रूप में देखें तो इसे दुनियाभर में मान्यता मिली 1953 में।

दुनियाभर में बाल दिवस के माध्यम से लोगों को बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल मजदूरी इत्यादि बच्चों के अधिकारों के प्रति जगरूक करने का प्रयास किया जाता है। माना जाता है कि सबसे पहले बाल दिवस तुर्की में मनाया गया था। आइए देखते हैं कि दुनियाभर में किन देशों द्वारा कब बाल दिवस मनाया जाता है। जनवरी के पहले शुक्रवार को बहामास में, 11 जनवरी को ट्यूनिशिया, जनवरी के दूसरे शनिवार को थाईलैंड, फरवरी के दूसरे रविवार कुक द्वीप समूह, नाउरू, निउए, टोकेलौ तथा केमन द्वीप समूह में, 13 फरवरी को म्यांमार, मार्च के पहले रविवार को न्यूजीलैंड, 17 मार्च को बांग्लादेश, 4 अप्रैल को चीनी ताइपे, हांगकांग, 5 अप्रैल को फिलीस्तीन, 12 अप्रैल को बोलिविया तथा हैती, 23 अप्रैल को तुर्की, 30 अप्रैल को मेक्सिको, 5 मई को दक्षिण कोरिया तथा जापान, मई के दूसरे रविवार को स्पेन तथा यूके, 10 मई को मालदीव, 17 मई को नार्वे, 27 मई को नाईजीरिया, मई के आखरी रविवार को हंगरी, 1 जून को चीन सहित कई देशों में बाल संरक्षण दिवस के रूप में, 1 जुलाई को पाकिस्तान, जुलाई के तीसरे रविवार को क्यूबा, पनामा, वेनेजुएला, 23 जुलाई को इंडोनेशिया, अगस्त के पहले रविवार को उरुग्वे, 16 अगस्त को पैराग्वे, अगस्त के तीसरा रविवार को अर्जेन्टीना तथा पेरू, 9 सितम्बर कोस्टा रीका, 10 सितम्बर को हौण्डुरस, 14 सितम्बर को नेपाल, 20 सितम्बर को आस्ट्रिया तथा जर्मनी, 25 सितम्बर को नीदरलैंड, 1 अक्तूबर को अल साल्वाडोर, ग्वाटेमाला तथा श्रीलंका, अक्तूबर के पहले बुधवार को चिली, अक्तूबर के पहले शुक्रवार को सिंगापुर, 8 अक्तूबर को ईरान, 12 अक्तूबर को ब्राजील, अक्तूबर के चौथे शनिवार को मलेशिया, अक्तूबर के चौथा रविवार को आस्ट्रेलिया, नवम्बर के पहले शनिवार को दक्षिण अफ्रीका, 20 नवम्बर को अजरबैजान, कनाडा, साइप्रस, मिस्र, इथियोपिया, फिनलैंड, फ्रांस, यूनान, आयरलैंड, इजराइल, केन्या, मैसिडोनिया, नीदरलैंड, फिलीपींस, सर्बिया, स्लोवेनिया, दक्षिण अफ्रीका, स्पेन, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, त्रिनिदाद व टोबेगो, 5 दिसम्बर को सूरीनाम, 23 दिसम्बर को सूडान तथा 25 दिसम्बर कांगो गणराज्य, कैमरून तथा भूमध्यरेखीय गिनी में बाल दिवस का आयोजन किया जाता है।

बहरहाल, अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस पर हमें यह समझने का अवसर प्रदान करता है कि बच्चों का भविष्य उनके आज पर निर्भर करता है, जिसके लिए हमें ही यह सुनिश्चित करना होगा कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, बाल श्रम और शोषण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो, बच्चों को उनकी प्रतिभा को निखारने के पर्याप्त अवसर मिलें, उन्हें सुरक्षित, स्वस्थ और पोषित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। भारत में बच्चों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए कई कानून और योजनाएं लागू हैं, जिनमें बाल श्रम निषेध और विनियमन अधिनियम 1986, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, पॉक्सो एक्ट 2012 प्रमुख रूप से शामिल हैं। मिड-डे मील योजना और आंगनवाड़ी सेवा जैसी योजनाएं भी बच्चों के पोषण और शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। अपनी-अपनी सहूलियत के आधार पर विभिन्न देशों द्वारा भले ही अलग-अलग तारीखों पर बाल दिवस मनाया जाता है लेकिन हर जगह बाल दिवस मनाए जाने का मूल उद्देश्य यही है कि इसके जरिये लोगों को बच्चों के अधिकारों तथा सुरक्षा के लिए जागरूक किया जा सके और बच्चों से जुड़े मुद्दों का समाधान किया जा सके।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार


# क्या नया कानून अभियोजन पक्ष का नया चेहरा पेश करता है?

**श्रीमती स्मृति सिन्हा**

अभियोजन शब्द लैटिन शब्द प्रोसेक्यूटियो÷ से उत्पन्न हुआ है, जिसका अर्थ है अनुवर्ती कार्रवाई करना । अभियुक्त के विरुद्ध आपराधिक मुकदमा चलाने वाला राज्य का अधिवक्ता अभियोजक होता है। अभियोजक दोहरी भूमिका निभाते हैं, पहला अधिवक्ता के रूप में और दूसरा न्यायालय के अधिकारी के रूप में, जो कि अभियुक्त पर न्यायालय के समक्ष मुकदमा चलाता है और युक्तियुक्त संदेह से परे उसके अपराध को साबित करता है। एक सफल अभियोजन हमेशा दोषी को दोषसिद्ध ठहराता है, लेकिन, क्या ऐसा है ? अठारहवीं शताब्दी की प्रसिद्ध विलियम ब्लैक स्टोरी की कहावत है कि एक निर्दोष व्यक्ति को दोषी ठहराने की तुलना में दस दोषियों को मुक्त करना बेहतर है । निष्पक्ष रूप से कहें तो अधिकांश दांडिक विधि का दुरुपयोग किया जाता है और निर्दोष व्यक्ति को झूठे मामलों (जैसे पाक्सो मामले, बलात्कार के मामले) में फंसाया जाता है और फिर अभियोजन एक ईर्ष्यालु वकील और खून के प्यासे प्राणी की तरह कड़ी मेहनत करता है, जिसका अंतिम लक्ष्य निर्दोष व्यक्ति को अत्यन्त कठोर कानून के अंतर्गत दंडित करना होता है। कभी-कभी पुलिस निर्दोष व्यक्ति के खिलाफ झूठे साक्ष्य पेश करती है और उसे द्वेशपूर्ण अभियोजन के माध्यम से क्रूरता से प्रताड़ित करती है । क्या किसी निर्दोष व्यक्ति को दोषी सिद्ध करना सफल अभियोजन कहा जाता है? मुझे नहीं लगता । कई बार अपर्याप्त अभियोजन के कारण गंभीर अपराधी दोषमुक्त हो जाते हैं, जिससे न्याय की विफलता होती है । अतः सर्वप्रथम हमें यह स्पष्ट करना होगा कि हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली कैसे काम करती है। संपूर्ण आपराधिक प्रणाली एक ही आधार पर काम करती है, वह है निष्पक्ष सुनवाई । निष्पक्ष सुनवाई से तात्पर्य - सुनवाई का अवसर, प्रतिपरीक्षण का अधिकार, बचाव साक्ष्य देने का मूल्यवान अधिकार और निर्दोषिता की उपधारणा, है । आपराधिक न्याय प्रणाली एक त्रिस्तरीय प्रणाली है, न्यायाधीश, अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष । न्यायपालिका की प्रतिकूल प्रणाली के कारण, एक न्यायाधीश एक निर्णायक की तरह काम करता है, लेकिन कई बार माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने जिला न्यायपालिका / विचारण न्यायालय को फटकार लगाई है कि मूक दर्शक की तरह काम न करें। लेकिन यह भी सत्य है कि न्यायाधीशों की अपनी मर्यादा होती है।


(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

# सफल लोकतंत्र के लिए जरूरी हैं राजनीति में शुचिता और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया



**कृष्णमोहन झा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक देश एक चुनावके विचार को एक ऐसा राष्ट्रीय मुद्दा बना दिया है जिस पर अंतहीन बहस का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। इस मुद्दे पर सभी राजनीतिक दलों ने पक्ष विपक्ष में अपने जो अलग अलग तर्क दिए हैं उनसे हाल फिलहाल केवल यही नतीजा निकाला जा सकता है कि निकट भविष्य में तो एक देश एक चुनाव के मुद्दे पर देश के सभी राजनीतिक दलों को एक आमराय बनाने के लिए सहमत कर पाना केंद्र सरकार के लिए संभव नहीं है। इसमें कोई संदेह नहीं कि जो राजनीतिक दल देश में एक साथ सारे चुनाव कराने के विचार से असहमत हैं वे इस विचार को राजनीतिक नफा नुकसान की दृष्टि से देख रहे हैं। एक देश एक चुनाव के विचार का विरोध करने वाले राजनीतिक दलों में अधिकांश क्षेत्रीय दल हैं जो क्षेत्रीय मुद्दों को उठाकर चुनाव जीतते रहे हैं। उन्हें यह भय सता रहा है कि राज्य विधानसभाओं और लोकसभा के चुनाव एक साथ होने से क्षेत्रीय मुद्दों पर राष्ट्रीय मुद्दे हावी हो जाएंगे जिससे क्षेत्रीय मुद्दों के आधार पर चुनाव जीत कर सत्ता में आने की उनकी उम्मीदों पर पानी फिर सकता है। जाहिर सी बात है कि ऐसे राजनीतिक दलों को यह आशंका सता रही है कि देश में अगर एक साथ सारे चुनाव होने लगेंगे तो उनके लिए यह घाटे का सौदा साबित होगा लेकिन दूसरी ओर भाजपा नीत केंद्र सरकार एक देश एक चुनाव के विचार के पक्ष में जो तर्क दे रही है वे इसलिए मजबूत प्रतीत होते हैं क्योंकि वे राजनीतिक नफा नुकसान की भावना से प्रेरित नहीं हैं। सरकार के इस तर्क से भला कैसे असहमत होना कठिन है कि सारे चुनाव एक साथ कराने से न केवल धन की बर्बादी को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी बल्कि सरकार के कामकाज भी बाधित नहीं होंगे और केंद्र और राज्य सरकारों को अपनी नीतियों और कार्यक्रमों के समयबद्ध क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त होगा। गौरतलब है कि चुनावों की घोषणा होते ही चुनाव आयोग आदर्श आचार संहिता लागू कर देता है जो चुनाव परिणामों की घोषणा होने तक जारी रहती है और आदर्श आचार संहिता लागू रहते जनहित में भी कोई सरकार नयी घोषणाएं नहीं कर सकती। अगर मोदी सरकार की एक देश एक चुनाव की पहल मूर्त रूप ले सकती तो यह समस्या काफी हद तक हल हो सकती है। इसलिए इस पहल का विरोध करने वाले राजनीतिक दलों से यह अपेक्षा गलत नहीं होगी कि एक देश एक चुनाव की केंद्र सरकार की पहल को उन्हें क्षेत्रीय नजरिए से ऊपर उठकर देखना चाहिए।



इसमें दो राय नहीं हो सकती कि संसदीय लोकतंत्र को सफल बनाने में जितनी महत्वपूर्ण भूमिका निष्पक्ष चुनावों की होती है उतनी ही महत्वपूर्ण भूमिका राजनीति दलों की भी होती है। चुनाव में भाग लेने वाले हर राजनीतिक दल से अगर यह अपेक्षा की जाती है कि वे बेदाग छवि रखने वाले नेताओं को ही चुनाव मैदान में उतारें तो चुनाव आयोग से भी यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि वह चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने की अपनी जिम्मेदारी का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करें । चुनाव और राजनीति को एक दूसरे से अलग करके नहीं देखा जा सकता। कोई भी राजनीतिक दल स्वयं को चुनावी राजनीति से अलग नहीं रखता और अगर राजनीतिक दल चुनावों से खुद को दूर रखेगा तो उसका अस्तित्व पर ही खतरा मंडराने लगेगा। संसदीय लोकतंत्र की सफलता के लिए चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष हो यह तो अनिवार्य ही है परन्तु यह भी आवश्यक है कि चुनाव प्रचार में हर राजनीतिक दल आरोप प्रत्यारोप में मर्यादा का पालन करे। धर्म , जाति , भाषा के आधार पर अथवा व्यक्तिगत आक्षेपों से हर दल परहेज करे । धन बल , बाहुबल के लिए राजनीति में कोई स्थान नहीं है।नीतियों, सिद्धांतों और दलीय कार्यक्रमों पर आधारित राजनीतिक प्रतिद्वंदिता ही संसदीय लोकतंत्र की सफलता का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। इस दिशा में अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। हमें यह याद रखना होगा कि सिद्धांतों पर आधारित राजनीति और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता ही संसदीय लोकतंत्र की सफलता की पहली शर्त है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

## शब्द पहेली - 8193

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | | ■ | 3 | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | | ■ | 4 | | | 5 |
| 6 | | 7 | ■ | 8 | | | ■ | |
| ■ | 9 | | 10 | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | ■ | 13 | | | | 14 | ■ | |
| 15 | | ■ | | ■ | 16 | | 17 | ■ |
| | ■ | 18 | | | ■ | 19 | | |
| 20 | | | | ■ | 21 | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | 22 | | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1. ईश्वरीय कृपा-4
4. कुंए पर पानी भरने का चबूतरा-4
6. दुर्बल का विलोम-3
8. सुनसान, नीरव-3
9. प्रेम प्रतिद्वंदी (उर्दू-3)
11. घोषवाक्य-2
13. चित्रपट, मायानगरी -3,2
15. सूर्य, भास्कर-2
16. उपनदी, कैनाल-3
18. व्यंग, परिहास-3
19. कौर, ग्रास-3
20. दफन करना-4
22. भूल, असावधानी-4

**ऊपर से नीचे**

1. अगुवा, रास्ता दिखाने वाला-4
2. सरुर, नशा, गरुर-2
3. चिंतन, विचारना-3
4. परजन भावना, गैरपन-5
5. भिड़ना, मुठभेड़-4
7. रेखा, लाईन-3
10. झाग बनना-5
12. सीमा, हद, बॉर्डर-4
14. शाखा, डाली-3
17. रिवाज, परंपरा-4
18. पाबंदी, रोक-3
21. स्वच्छ-2

### शब्द पहेली -8192 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ज | र | त | ■ | क | र | त | ब |
| र | न | ■ | र | म | ल | ■ | था | ह |
| द | ■ | ■ | ल | ■ | म | त | ■ | ला |
| म | हा | न | ■ | म | ना | क | र | ना |
| ■ | ■ | र | ■ | ना | ■ | रा | ■ | ■ |
| हा | थ | मा | र | ना | ■ | र | स | द |
| स | ■ | ई | ख | ■ | र | ■ | ■ | ल |
| नि | त | ■ | वा | द | क | ■ | क | द |
| क | र | ब | ला | ■ | म | ल | म | ल |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 6978

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6977 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## न्यूज इन शॉर्ट



### कमिश्नर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

शहडोले। कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता की उपस्थिति में कमिश्नर कार्यालय शहडोल में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने शहडोल संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।जनसुनवाई में उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनिषा पाण्डेय, संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती ऊषा सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



### कलेक्टर कार्यालय में सुनी गई लोगों की समस्याएं

शहडोल। कलेक्टर शहडोल डॉ. केदार सिंह की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई।जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने शहडोल जिले के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री अंजली रमेश, अनु विभागीय अधिकारी राजस्व श्री अरविंद शाह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



### केवाईसी के बहाने अज्ञात व्यक्ति ने ठग लिए बैगा महिला से साढ़े 10 हजार रुपए

शहडोल। सिंहपुर थाना से महज 100 मीटर दूर मुख्य मार्ग में प्रधानमंत्री जन मन के द्वारा आवास मिले हितग्राहियों जिनका नाम आवास के बाहर लिखा उनका फायदा उठाकर बैगा विकास से आया हुआ बताकर इनके खाते से 10500 निकालकर अज्ञात व्यक्ति चंपत हो गया। पेमेंट बैंक एप्लीकेशन का कितना दुरुपयोग है यह गांव-गांव में जाकर गरीब आदिवासी भोले भाले लोगों को लूटते हैं और इनका हौसला देखिए की मेंन रोड में जहां से महज सिंहपुर थाना 100 मीटर दूर नहीं है वहां पर इतना साहस कर क्योंकि कानून का भय इनको नहीं है। इस तरह की धोखाधड़ी की जांच बहुत लंबी होती है और ध्यान भी नहीं देते पुलिस के पास गए तो पुलिस कहते हैं कलेक्टर के पास जाइए एसपी ऑफिस के पास जाइए उनका 10000 किस तरीके से वह अपने कमाए होंगे जिसको 10 मिनट नहीं लगा लोगों ने जालसाजी करके खाते से उड़ा दिया। पीड़ित बैगा महिला ने बतायाकि अज्ञात व्यक्ति ने बैगा विकास की राशि दिलाने के बहाने आधार कार्ड एवं राशन कार्ड मांगकर केवाईसी की जांच करने लगा और देखते ही देखते उसके खाते से साढ़े 10 हजार रुपए निकालकर नौ दो ग्यारह हो गया।

# जिस उद्यान में गूंजती थी बच्चों की खिलखिलाहट, वहां छाई रहती है मनहूसियत, उपेक्षा का शिकार है बाल उद्यान

**विजयमत,शहडोल।**

नगर के वार्ड नंबर 7 में स्थित सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के आगे खेर माई मंदिर के पास जहां जिले के वरिष्ठ अधिकारी डिप्टी कलेक्टर, डिप्टी कमिश्नर, संचालक संचालक, न्यायाधीश सहित अन्य विभिन्न विभागों के विभागीय अधिकारियों का निवास है, वहां नगर पालिका द्वारा बाल उद्यान बनाया गया था। पिछले साल तक बाल उद्यान में बच्चों की किलकारियां एवं खिलखिलाहट गूंजती थी, अब उसे उद्यान में मनहूसियत छाई रहती है। जिम्मेदारों द्वारा रखरखाव नहीं किया गया, जिसके कारण बाल उद्यान अव्यवस्था का शिकार हो गया तथा आसामाजिक तत्वों का डेरा बन गया। बाल उद्यान में ना ही विद्युत की व्यवस्था है और ना ही बहुत सुविधाओं की। बाल उद्यान के अव्यवस्थाओं के कारण अब वहां बच्चे भी खेलने एवं घूमने नहीं आते हैं। कुछ साल पहले तक सुबह एवं शाम को बच्चे यहां खेलने एवं घूमने आते थे परंतु अब जर्जर स्थिति में होने के कारण बच्चों को यहां आने में डर लगता है। यह बाल उद्यान नगर पालिका के जिम्मेदारों के उपेक्षा का शिकार है।



### बाल उद्यान का यह हालात

अब हालात ये हैं कि यहां झाड़ियां, गाजरघास, आसपास की गंदगी के बीच आते हैं तो सिर्फ मवेशी और सूकर। नगर पालिका के अंतर्गत रिहायशी इलाके के बीच स्थित बाल उद्यान स्थल पर पहुंचने पर पार्क के गेट पर एक पुराना धुंधलाता बोर्ड नजर आता है। इसमें बाल उद्यान लिखा है। बोर्ड के साथ पार्क को सुरक्षित करने लगाए गए गेट का आधा हिस्सा खराब है। गेट अपनी बदहाली को बयां कर रहा है। पार्क में प्रवेश करने से पहले रिहायशी इलाके से आने वाले गंदे पानी को पार करना पड़ता है। ऐसे में पार्क पहुंचकर बच्चे भी अंदर जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। इस पार्क परिसर में विद्युतीय प्रकाश नहीं होने से शाम ढलते ही अंधेरा पसर जाता है।

### खराब हो रहे पेड़ और पौधे

माली के अभाव में पौधों की सिचाई, कटाई व छंटाई नहीं हो पा रही है। घास पानी के अभाव में सूख रही है। बच्चे यहां क्रिकेट खेलते थे। पार्क की नियमित सफाई नहीं होती है। बिजली की भी समस्या रहती है। पार्क की लाखों रुपये की ग्रांट का पता नहीं चल रहा है। पार्क में लगे डस्टबिन टूट गए हैं। जलभराव से बचाव के लिए बने सोख्ता बंद हो गए हैं।

### देखरेख के अभाव में दुर्दशा का शिकार

लाखों रुपए की लागत से बनाया गया बाल उद्यान देखरेख के अभाव में दुर्दशा का शिकार हो रहा है। क्योंकि वर्तमान में पार्क में लगे पौधों की सिंचाई नहीं होने से वे सूखने लगे हैं। इसके अलावा साफ-सफाई व्यवस्था का भी बुरा हाल है। कॉलोनी में रहने वाले लोगों ने बताया कि नगर पालिका की अनदेखी के कारण यहां लोग कचरा इत्यादि फेक जाते हैं। जिससे यहां घूमने आ रहे लोगों को परेशानी हो रही है। इसके अलावा रात को यहां नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। जिससे कॉलोनी में रहने वाले लोग परेशान हैं।

### उद्यान में गंदगी और अवैध गतिविधियों का अड्डा

उद्यान में खाली शराब की बोतलें, प्रतिबंधित लॉटरी के पर्चे और कोडीन युक्त कफ सिरप की बोतलें बिखरी हुई हैं। जगह-जगह कचरे और यूरिन का बहाव दिखता है, जिससे वहां जाने वाले लोगों को निराशा होती है। लोगों ने कहा कि बच्चों के खेलने की जगह पर आजकल अवैध गतिविधियां हो रही है और यहां शहडोल जिले के बड़े-बड़े जिम्मेदार अधिकारियों का निवास है परंतु में जिम्मेदार अधिकारी भी इस पर कोई विशेष ध्यान नहीं दे रहे हैं, ना ही नगर पालिका दे रही है।

**इनका कहना है...**

नगर के सभी बाल उद्यानों की साफ-सफाई एवं रख रखाव की व्यवस्था शीघ्र ही की जाएगी। आनेवाले दिनों में बाल उद्यानों में बच्चे दिखाई देंगे।

» **अक्षत बुंदेला**
मुख्य नगरपालिकाअधिकारी शहडोल

# सरकारी आवासों के आवंटन में खेल... निजी भवन किरायें पर, सरकारी में डेरा

## सरकारी भवनों की नहीं होती जांच, अपात्र शासकीय सेवक भी ले रहे लाभ

**विजयमत,शहडोल।**

जिले में शासकीय आवासों के आवंटन लिए भले ही नियम और निर्देश लागू हो, किन्तु ऐसा देखा जा रहा है कि कई ऐसे कर्मचारी व अधिकारियों को भी शासकीय आवास आवंटित कर दिया जाता है जो पात्र नहीं होते। बावजूद इसके प्रशासन के अधिकारी शासकीय आवासों का आवंटन करते समय या उसके पश्चात इस बात का सत्यापन नहीं करते कि जिस अधिकारी व कर्मचारी को शासकीय आवास आवंटित किया गया है, वास्तव में वह पात्र भी है अथवा नहीं। लिहाजा लंबे समय से ऐसे लोग शासकीय आवासों में बने रहते हैं।

**अपने निजी भवन किराये पर सरकारी में निवास**– सरकारी विभागों में पदस्थ यहां कई कर्मचारी व अधिकारी ऐसे भी हैं, जिनके निजी भवन शहर में बने हुये हैं, किन्तु वे अपने निजी भवनों में निवास नहीं करते। निजी भवनों को वे किराये पर उठा देते हैं, जबकि सरकारी आवासों का आवंटन करवा कर वहां निवास करते हैं। वास्तव में ऐसे कर्मचारी व अधिकारी अपने निजी भवनों की जानकारी को छिपा कर



शासकीय आवास आवंटित करवाते हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें शासकीय आवास आवंटित कर दिया जाता है।

**कई विभागों में चल रहा खेल** –सूत्रों के अनुसार कई विभागों के कर्मचारी व अधिकारियों द्वारा इस तरह की अनाधिकार चेष्टा की जा रही है। चाहे वह कमिश्नर कार्यालय में पदस्थ कर्मचारी अधिकारी हो अथवा अन्य किसी विभाग में पदस्थ शासकीय कर्मचारी अधिकारी हो। सभी विभागों व कार्यालयों में इस तरह की मनमानी चल रही है। किन्तु आज तक पात्रता के अनुसार आवंटित आवासों का सत्यापन एवं जांच नहीं करवाई ताकि अपात्रों की पहचान की जा सके और उनके खिलाफ कार्रवाई हो सके।

**तबादले के बाद भी नहीं करते आवास खाली** –कई कर्मचारी अधिकारी तो ऐसे भी होते हैं, जिनका जिले से तबादला कर दिया जाता है। किन्तु वे शासकीय आवास खाली नहीं करते। प्रशासन भी ऐसे शासकीय सेवकों को पूरी छूट देता रहता है, लिहाजा वे शहडोल शहर में ही निवास करते रहते है और शासकीय आवासों में बने रहते हैं। इसी तरह से कई शासकीय सेवक जिनकी सेवा निवृत्ति हो जाती है, वे भी कई महीनों तक आवास को खाली नहीं करते। जब शिकायतें होती हैं तब कार्रवाई की औपचारिकता पूरी की जाती है।



### छात्रावास की महिला कर्मी ने जन शिक्षक पर लगाया दुष्कृत का आरोप

शहडोल। सीनियर कन्या छात्रावास अमदरी तहसील पुष्पराजगढ़ जिला अनूपपुर में पदस्थ महिला कर्मी ने आरोप लगाया है कि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमदरी के जन शिक्षक द्वारा वर्ष 2022 से लेकर 27 सितंबर 2024 तक उसके साथ दैनिक शोषण किया जाता रहा है और मना करने पर या विरोध करने पर नौकरी से निकलवाने की धमकी दिया जाता रहा यहां तक की जान से खत्म कर देने की बात भी कही गई थी। इस घटना की शिकायत थाना करनपठार में की गई परंतु थाना प्रभारी द्वारा रिपोर्ट नहीं लिखी गई और कहा गया कि जन शिक्षक से पैसा लेकर समझौता कर लो वरना तुम्हें झूठ अपराध में फसा दिया जाएगा। पीड़ित महिला को जब संबंधित थाने में न्याय नहीं मिला तो लगभग 100 किलोमीटर दूर शहडोल आकर पुलिस महानिदेशक से लिखित आवेदन के माध्यम से फरियाद की गई। पुलिस महानिदेशक अनुराग शर्मा ने पीड़ित महिला को आस्वस्थ किया है कि मामले की जांच कर कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### ओपीएम जाकर छात्र-छात्राओं ने एजुकेशनल इंस्ट्रीयल टूर किया पूरा

शहडोल। पंडित शम्भुनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा कुलगुरु प्रो रामशंकर के निर्देशन एवं विभागाध्यक्ष प्रो अनिल गुप्ता नेतृत्व में एक दिवसीय एजुकेशनल इंडस्ट्रियल टूर छात्र छात्राओ के साथ ओपीएम मिल जाकर पूरा किया गया।जिसमे पेपरमिल की मनुफैचरिंग प्रोसेस एवं अपशिष्ट प्रवंधन से छात्र अवगत हुए छात्रोमे जिज्ञासा इस बात की पाई गई बृहत निर्माण क्षेत्र में मानव संसाधन का नियोजन कितना महत्वपूर्ण है और जाना पेपर मिल पूरी तरह से एकीकृत मिल या गैर-एकीकृत मिल हो सकती हैं। एकीकृत मिलों में एक ही स्थान पर एक पल्प मिल और एक पेपर मिल होती है। ऐसी मिलें लॉग या लकड़ी के चिप्स प्राप्त करती हैं और कागज बनाती हैं। आधुनिक पेपर मिल प्रक्रियाओं की एक कुशल और जटिल श्रृंखला में बड़ी मात्रा में ऊर्जा, पानी और लकड़ी के गूदे का उपयोग करती है और कागज की एक शीट का उत्पादन करने के लिए प्रौद्योगिकी को नियंत्रित करती है जिसका उपयोग विभिन्न तरीकों से किया जा सकता है। आधुनिक पेपर मशीनें 150 मीटर (500 फीट) लंबी हो सकती हैं, 10 मीटर (400 इंच) चौड़ी शीट का उत्पादन कर सकती हैं, और 97 किलोमीटर प्रति घंटे (60 मील प्रति घंटे) से अधिक की गति से काम कर सकती हैं। [ 33 ] पेपर मशीनों के दो मुख्य आपूर्तिकर्ता मेट्सो और वोइथ हैं। इस प्रकार की जानकारी न्यू एजुकेशन पॉलिसी के अन्तरगत छात्रों को नवाचार में दी जाती है विश्वविद्यालय में ऐसे नवाचार के लिए एजुकेशनल इंडस्ट्रियल टूर कराया गया

### हजारों की नशीली सिरप के साथ दो गिरफ्तार

शहडोल।थाना प्रभारी बृजेंद्र मिश्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना मिली थी कि मोटरसाइकिल में नशीली सिरप की तस्करी हो रही है, तभी पुलिस चांदबहरा गांव पहुंची और नाकेबंदी लगाकर कुआं गांव की ओर जा रही मोटरसाइकिल को रोका। जब बाइक सवार दोनों की चेकिंग की गई तो पुलिस को 15 सीसी नशीली कोरेक्स सिरप मिली। जिसकी कीमत हजारों रुपए बताई गई है। पकड़े गए दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल भी जब्त की है। इस तरह खैरहा थाना पुलिस ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सिरौंजा गांव के जंगल में प्रेमलाल बैगा पिता गहनू बैगा (55) निवासी देवगई को गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी जंगल के रास्ते पैदल ही गांजा लेकर विक्रय करने जा रहा था।

### कांग्रेस ने किया धरना-प्रदर्शन एवं मनाई पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी की जयंती



**विजयमत,शहडोल।**

मध्यप्रदेश काँग्रेस कमेटी के आव्हान पर मध्यप्रदेश काँग्रेस कमेटी के सचिव अजय अवस्थी के नेतृत्व मे, जिला काँग्रेस कमेटी शहडोल द्वारा, विजयपुर उपचुनाव मे भाजपा द्वारा किए गए प्रशासनिक दुरुपयोग, हिंसक गतिविधियों एवं बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति तोड़े जाने के विरोध मे, अंबेडकर चौक मे धरना-प्रदर्शन किया गया। धरना-प्रदर्शन के उपरांत अंबेडकर चौक से कलेक्ट्रेट कार्यालय तक पदयात्रा करते हुए महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

धरना-प्रदर्शन के पहले सभी कांग्रेसजनों ने पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी के नाम से मशहूर स्वर्गीय इंदिरा गाँधी जी की जयंती के अवसर पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया एवं उनके द्वारा देश हित व जन हितार्थ कार्यों को याद किया।

धरना-प्रदर्शन के उपरांत प्रदेश सचिव अजय अवस्थी जी के द्वारा महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया, ज्ञापन मे मांग की गई कि,मध्यप्रदेश में विजयपुर विधानसभा का उपचुनाव का मतदान 13 नवंबर, 2024 को सम्पन्न हुआ, उक्त मतदान के दौरान भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं असामाजिक तत्वों ने मिलकर अनुचित कार्य करते हुए मतदान को प्रभावित करने के साथ-साथ हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया तथा रात में गोहटा गांव में बदमाशों ने दलित बस्ती में घुसकर तोड़फोड़ की तथा घरों में आगजनी की, उनकी फसलों में आग लगाकर नुकसान पहुंचा गया एवं गांव में स्थापित बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति को भी तोड़कर खंडित कर दिया। गोहटा गांव में आतंक के कारण भय का वातावरण इस तरह निर्मित हो गया था कि ग्रामीणजन अपनी शिकायत लेकर थाने तक जाने में डर रहे थे और वे थाने भी नहीं पहुंच सके।

महामहिम से मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से उपरोक्त ज्ञापन के माध्यम से निवेदन करते हुए मांग की जाती है कि विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के गोहटा गांव में हुए उप चुनाव के मतदान दिनांक 13/11/2024 के दौरान हिंसक गतिविधियों एवं बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा तोड़ने वालों के विरूद्ध तत्काल दण्डात्मक कार्यवाही की करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया जावे तथा गोहटा गांव के निवासियों को उचित पुलिस सुरक्षा मुहैया कराई जावे तथा मध्यप्रदेश शासन को आगाह किया जावे कि प्रदेश में इस तरह की घटनाओं की पुर्नावृत्ति ना हो जिससे कि दलित वर्ग सम्मान के साथ अपना जीवन यापन कर सके जो कि न्यायोचित होगा।

कार्यक्रम मे मुख्य रूप से प्रदेश सचिव अजय अवस्थी, नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जयसवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी रविन्द्र तिवारी,पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश कटारे, जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष अनुज मिश्रा, पूर्व पार्षद प्रभात पाण्डेय, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनुपम गौतम, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव आशीष तिवारी,एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी, पार्षद हीरालाल प्रजापती, पूर्व पार्षद जितेंद्र सिंह, जिला कार्यालय प्रभारी शिव शंकर शुक्ला, पिछड़ावर्ग जिलाध्यक्ष सत्य नारायण साहू, सचिन, शिवांशु, कार्तिकेय, शुभम आदि सैकड़ो की तादाद मे काँग्रेसजन उपस्थित रहे।

**अव्यवस्था**

**मरीज को आने-जाने में होती है परेशानी, गंदगी के बीच निकलने की मजबूरी, गंदे पानी के गड्ढों ने बढ़ाई परेशानी**

# मेडिकल कॉलेज का प्रवेश द्वार कीचड़ से है लतपथ

**विजयमत,शहडोल।**

शासकीय बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज करोड़ों के लागत से तो बना दिया गया है पर यहां आज भी मरीज को बेहतर सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं नहीं मिल पा रही हैं। मेडिकल कॉलेज में आए दिन नए-नए बातें एवं अवस्थाएं सुनने को तो मिल ही जाती है परंतु आजकल मैरिज एवं मरीजों के परिजन तथा मेडिकल कॉलेज स्टाफ मेडिकल कॉलेज के प्रवेश द्वार के सामने जर्जर सड़क और उसमें भरा गंदा पानी प्रशासकीय कुव्यवस्था की पोल खोल रही है। प्रवेश द्वार कुदरी-चांपा रोड से मेडिकल कॉलेज के प्रवेश द्वार की ओर निकलना मुश्किल हो रहा है। परिसर के अंदर से निकला पानी सड़क पर आ रहा है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की डामर रोड व मेडिकल कॉलेज के लिए बनी सीसी रोड के बीच में बड़ा गैप सा बन गया है, जिसमें पानी ठहर जाता है। जब मरीजों को लेकर एम्बुलेंस वाहन और स्टॉफ या मरीजों परिजन अपने वाहनों से निकलते हैं तो हिचकाले खाना पड़ता है। यह समस्या लंबे अर्से से बनी हुई है, लेकिन संबंधित प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### गड्ढे में लोग हो चुके हैं हादसे के शिकार

बता दें कि मेडिकल कॉलेज के सामने मुख्य मार्ग पर गढ्डों के कारण यहां आने वाले मरीजों के परिजन हादसे का शिकार हो चुके हैं। बरसात के मौसम में अति वर्षा होने के कारण सड़क पानी से भर जाता है और गड्ढे दिखाना बंद हो जाते हैं, जिससे वाहन चालकों को गड्ढे दिखाई नहीं देते और वाहनों के पहिए गड्ढे में जाकर फस जाते हैं और वाहन चालक गिर जाता है, जिससे उन्हें कई बार गंभीर चोटे आ जाती है परंतु जिम्मेदार इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।



### मेडिकल कॉलेज प्रबंधन से हो चुकी है शिकायत

लोगों को कहना है कि मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को लोगों से कोई सरोकार नहीं है। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन से इस संबंध में कई लोगों ने शिकायत किया है परंतु मेडिकल कॉलेज के प्रबंधन इन शिकायत पर विशेष ध्यान नहीं देता और गड्ढे वैसे ही स्थिति में आज भी है। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन नागरिकों के सुविधा के लिए आज तक कोई प्रयास नहीं किया है और आगे भी कोई प्रयास नहीं करेगा ऐसा लोगों का मानना है।

### बड़े-बड़े अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि को नहीं दिखते गड्ढे

लोगों ने बताया मेडिकल कॉलेज भोपाल से बड़े-बड़े अधिकारी आकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया परंतु उन्हें मेडिकल कॉलेज के सामने एक गड्ढा दिखाई नहीं दिया। इसी प्रकार मेडिकल कॉलेज में शहडोल संभाग के सबसे बड़े अधिकारी कमिश्नर एवं जिले के सबसे बड़े अधिकारी कलेक्टर भी कई बार भ्रमण पर आए परंतु उन्होंने भी इस गड्ढे पर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया।

## न्यूज इन शॉर्ट

### 19 से 25 नवम्बर तक मनाया जायेगा कौमी एकता सप्ताह

अनूपपुर। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 19 से 25 नवम्बर तक ''कौमी एकता सप्ताह'' मनाया जायेगा। इस दौरान शांति, एकता, सद्भाव और राष्ट्रीय अखण्डता के संदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी। सप्ताह के अंतिम दिन 25 नवम्बर को झण्डा दिवस के रूप में मनाया जायेगा।

कौमी एकता सप्ताह मनाने संबंधी राष्ट्रीय साम्प्रदायिक सद्भाव प्रतिष्ठान नई दिल्ली द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। संस्थान द्वारा कौमी एकता सप्ताह के दौरान साम्प्रदायिक, जातीय, आतंकवादी घटनाओं में जो बच्चे अनाथ हुए हैं, उनके कल्याण के लिये स्वैच्छिक आधार पर वित्तीय सहायता प्राप्त की जाती है। संस्थान द्वारा विभिन्न शासकीय विभागों को झण्डे, पोस्टर्स, पेम्फलेट्स आदि भिजवा कर अधिक से अधिक वित्तीय सहायता का अनुरोध किया गया है।

### अनूपपुर तहसील के ग्राम पंचायत सकरा में राजस्व एवं जन कल्याण शिविर 21 नवम्बर को

अनूपपुर। जिला प्रशासन द्वारा तहसील अनूपपुर के ग्राम पंचायत सकरा में गुरूवार 21 नवम्बर 2024 को ग्राम पंचायत परिसर में राजस्व सहित जन समस्याओं के निवारण के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में ग्राम पंचायत सकरा सहित ग्राम पंचायत खम्हरिया, मेड़ियारास, परसवार, औढ़ेरा, जमुड़ी, लखनपुर, ताराडांड़ के ग्रामीण लाभान्वित हो सकेंगे।

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने तहसीलदार अनूपपुर व जनपद पंचायत जैतहरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को शिविर के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शिविर में जन समस्या रजिस्टर एवं राजस्व प्रकरण रजिस्टर संधारित करते हुए प्रकरणों के निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा है। शिविर में नामांतरण, बंटवारा, राजस्व संबंधी लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। संबंधित ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों से राजस्व एवं जन कल्याण शिविर का लाभ उठाने की अपील की गई है।

### जान से मारने की धमकी के आरोपी को रामनगर पुलिस ने किया गिरफ्तार

कोतमा। रामनगर थाना अंतर्गत पुलिस ने 15 वर्षीय किशोरी के साथ छेड़छाड़ एवं जान से मारने की धमकी के मामले में 60 वर्षीय आरोपी गौतम बनर्जी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ की धारा 74,75 ,351(2) एवं बालकों के संरक्षण अधिनियम पाक्सो की धारा 7/8 व अनुसूचित जनजाति एसटी एससी एक्ट के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। घटना के बारे में पुलिस ने बताया कि किशोरी अपने सहेली के यहां घर में थी जहां पर मौका पाकर आरोपी के द्वारा गलत नीयत से छेड़छाड़ करते हुएअश्लील हरकत की गई। 60 वर्षीय आरोपी के द्वारा की गई शर्मनाक हरकत पर पूरे क्षेत्र में चर्चा का बाज़ार गर्म था।

### विजय मर्चेंट एवं बालिका अंडर 15 में शहडोल के दो खिलाड़ियों का चयन




शहडोल। संभागीय क्रिकेट संघ शहडोल के क्रिकेट क्लब में अभ्यास करते दो खिलाड़ी जिनका कि चयन मध्य प्रदेश की दो अलग-अलग टीमों में किया गया है शिवसागर यादव जो कि आगामी 27 तारीख से 2 दिसंबर तक आयोजित अभ्यास मैच में मध्य प्रदेश की अंदर 16 टीम विजय मर्चेंट के लिए खेलते नजर आएंगे वहीं दिशा शर्मा जो की बालिका अंडर 15 के लिए मध्य प्रदेश की टीम में चयनित हुई है जो की पुणे में 21 नवंबर से 28 नवंबर तक वनडे क्रिकेट प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे यह दोनों ही खिलाड़ी संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन के क्रिकेट अकादमी में निरंतर अभ्यास करते हैं इनके चयन पर संभागीय क्रिकेट संघ के अध्यक्ष श्री सुनील खरे सचिव अजय द्विवेदी उपाध्यक्ष धीरज दीक्षित मेवा लाल पांडे पीएन सिंह गोपाल रत्नम निलेश निगम अरुण उपाध्याय दुष्यंत सिंह के के श्रीवास्तव प्रसंग जैन राकेश शर्मा मेवा लाल पांडे साथ ही खिलाड़ियों को अच्छे गुण शारीरिक मानसिक बौद्धिक विकास के लिए कोच आशुतोष श्रीवास्तव एवं सोनू रॉबिंसन ने दोनों ही खिलाड़ियों को बधाई दी।

### बीएलओ प्रशिक्षण सह समीक्षा बैठक 20 नवंबर को

सीधी। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र-77 सीधी ने जानकारी देकर बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के तहत मतदाता सूची का कार्य प्रक्रियाधीन है। उपरोक्त अभियान के तहत नवीन मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़ने तथा मृत व्यक्तियों का परीक्षण कर विलोपित करने तथा संशोधन एवं डी.एस.ई. व पी.एस.ई. तथा अन्य कार्य समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाना है। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत निर्वाचन कार्य में आपेक्षित प्रगति न आने से समस्त बी.एल.ओ. की आवश्यक समीक्षा बैठक मतदान केन्द्रवार आयोजित की गई है। आयोजित प्रशिक्षण में सभी बी.एल.ओ. आवश्यक रूप से नियत दिनांक एवं समय पर जनपद पंचायत सीधी के सभागार में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। अनुपस्थित रहने पर निर्वाचन नियमों के तहत नियमानुसार कार्यवाही संबंधित पर की जावेगी।

---

#### 19 नवंबर से 10 दिसंबर तक चलेगा हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान

# हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान के तहत स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया जाए-सीईओ जिला पंचायत

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक हुई आयोजित

**विजय मत, अनूपपुर।**

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने कहा है कि जिले में 19 नवंबर से 10 दिसंबर 2024 तक हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान चलाया जाएगा जिसका जिले में बेहतर क्रियान्वयन होना चाहिए। अभियान के अंतर्गत स्वच्छता के विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाए। अभियान के अंतर्गत शौचालय की बेहतर स्थिति, शौचालय के उपयोग को बढ़ावा तथा सर्वोत्तम शौचालयों का आंकलन किया जाए तथा अभियान के समापन अवसर पर सर्वश्रेष्ठ शौचालय का पुरस्कार भी वितरण किया जाए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर आयोजित हो रहे अभियान के गतिविधियों पर चर्चा कर अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।



बैठक में जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री के.पी. कड़ियाम, जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त सरिता नायक, जिला शिक्षा अधिकारी तुलाराम आर्मो, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विनोद परस्ते सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोगों का व्यवहार परिवर्तन एवं शौचालय के उपयोग पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि शौचालयों की पेंटिंग एवं सौंदर्यीकरण कर उत्थान किया जाए तथा व्यक्तिगत और सामुदायिक स्वच्छता परिसर दोनों समुदायों को शौचालयों को स्वागत योग्य, रंगीन स्थानों में बदलने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि शौचालय की उपयोगिता बढ़ाने के लिए व्यक्तिगत शौचालयों एवं सामुदायिक स्वच्छता परिसरों की छोटी-मोटी मरम्मतों को प्रोत्साहित किया जाए, जिसमें शौचालयों के टूटे हुए दरवाजे, लीकेज और जरूरी सामान लगवाने जैसे बुनियादी कार्य कराएं जाए। बैठक में उन्होंने कहा कि सभी शौचालय एवं सामुदायिक स्वच्छता परिसर क्रियाशील और सुरक्षित है यह सुनिश्चित करने के लिए कार्यों की पहचान और सुधार कार्य प्रारंभ कराना सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को अधिकारियों द्वारा बताया गया कि अभियान के अंतर्गत जिले में शौचालय विहीन घरों का सर्वे किया जाएगा तथा उन्हें चिन्हित किया जाएगा तथा शौचालय विहीन स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, छात्रावास, आश्रम सहित अन्य विभिन्न संस्थाओं का भ्रमण कर शौचालय की कार्य क्षमता में वृद्धि, लक्षित मरम्मत और उन्नयन कर शौचालय की कार्यक्षमता और उपयोगिता में पर्याप्त सुधार किया जाएगा। अभियान के अंत में सर्वेक्षण रिपोर्ट (पूर्व और बाद) प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक में अभियान संबंधित अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा कर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सम्मेलाल बैगा पिता पल्लू बैगा एवं कोदूलाल प्रजापति पिता बीरन लाल प्रजापति को शौचालय निर्माण हेतु प्रोत्साहन राशि का प्रतीक स्वरूप चेक प्रदान किया।

---

#### जनसुनवाई में प्राप्त हुए 32 आवेदन

## सहायक कलेक्टर एसडीएम अनूपपुर एवं संयुक्त कलेक्टर ने आवेदकों की सुनी समस्याएं

**विजय मत, अनूपपुर।**

कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में मंगलवार को जनसुनवाई में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने सहायक कलेक्टर एसडीएम अनूपपुर महिपाल सिंह गुर्जर एवं संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय को अपनी समस्याएं बताई और आवेदन दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर निराकरण भी कराया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी लोगों की समस्यायें सुनी। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 32 आवेदन प्राप्त हुए।



जनसुनवाई में ग्राम वेंकटनगर तहसील जैतहरी निवासी प्रेमलाल नापित ने भूमि का रिकार्ड सुधार कराए जाने, ग्राम डोंगराटोला तहसील अनूपपुर निवासी ओमकार सिंह गोंड़ ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाए जाने, वार्ड नं. 01 सामतपुर (अनूपपुर) निवासी रामकृष्ण राठौर ने उनके पट्टे की भूमि पर दबंगों द्वारा जबरन कब्जा किए जाने, ग्राम खम्हरिया तहसील अनूपपुर निवासी हरी प्रसाद यादव ने आम निस्तार वाले रास्ते को अतिक्रमणमुक्त कराए जाने, ग्राम पिपरिया तहसील अनूपपुर के काशी पटेल ने उनके पट्टे की भूमि पर लगी धान की फसल को चोरी से काट लेने पर कार्यवाही किए जाने, ग्राम कुम्हरवार जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ निवासी बुद्धेलाल बचावले ने जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत पड़रिया में सरपंच एवं सचिव द्वारा निर्माण कार्य में की गई वित्तीय अनियमितता के संबंध में आवेदन दिए।

---




## ग्राम पंचायत के भवनों से गिर रहा रेत सीमेंट और गिट्टी कभी भी हो सकती है दुर्घटनाएं

**विजय मत, धुनघुटी।**

जनपद पंचायत बिरसिंहपुर पाली के ग्राम पंचायत मलहदू और अमिलिहा पंचायत की भवन जर्जर है छत से अचानक गिर रही रेत और सीमेंट झड़ झड़ कर वहीं हालात पूरी तरह खराब है।यहां भवन पर आवाजाही से कभी भी किसी तरह की दुर्घटना हो सकती है अमिलिहा पंचायत की छत के ऊपर नीचे चारों तरफ दरारें आ गई है यहां दीवारों से रेत, सीमेंट, गिट्टी, झड़ रही है राड की सरिया दिखने लगी है यहां पंचायत में आए हुए हितग्राहियों के ऊपर आए दिन रेत झड़ झड़ कर गिरती है, यहां के हितग्राही पंचायत के बाहर बैठना ही ठीक समझते हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत मलहदू और अमिलिहा भवन का कई साल पहले निर्माण कराया गया था जो आज जर्जर की हालत पर है लेकिन अब इसका यह हाल है की जो बरसात में तो था लेकिन अब भी रेत सीमेंट गिट्टी झड़ झड़ कर ऊपर से नीचे गिर रहा है, अब यहां आए हुए पंचायत में हितग्राहियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं गांव के मुकेश सिंह ने बताया कि यह भवन कई सालों से जर्जर है अब यह कभी भी गिर सकता है इसकी जानकारी हमने विभाग में भी दी लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। जानकारी के अनुसार यह भी पता चल रहा है कि पूर्व में पंचायत में ई पंचायत निर्माण भवन आया था लेकिन वह अधूरे में ही तब्दील हो गया ऐसे कई पंचायत हैं जहां ई पंचायत अधूरा ही बना है। ऐसे ई पंचायत निर्माण में भारी भ्रष्टाचारों में पंचायत सचिव तक निलंबित हो चुके लेकिन ई पंचायत की भरपाई आज तक नहीं हो पाई तो कैसे बने नए भवन दूसरी ओर पंचायत की भवन अब जर्जर हालत पर है यहां कभी भी घटनाएं हो सकती है।

---

## जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिवर 20 नवंबर को

**विजय मत, सीधी।**

जिला चिकित्सालय सीधी में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन पूर्व से निर्धारित दिवस 20 नवंबर को सुबह 9 बजे से 5 बजे तक किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनीता तिवारी ने रक्तदान से जुड़ी प्रमुख बातों के बारे में बताया कि रक्तदान को महादान भी कहा जाता है। दुर्घटना एवं सर्जरी जैसी स्थिति में व्यक्ति की जान बचाने के लिए रक्त की जरूरत पड़ती रहती है। रक्तदान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई तरह के भ्रम हैं। लेकिन नियमित रक्तदान से हृदय स्वास्थ्य में सुधार होता है, रक्तदान करने से रक्त की चिपचिपाहट काम हो जाती है जिससे दिल के दौरे और स्ट्रोक का खतरा कम हो जाता है। शरीर में आयरन का उच्च स्तर कैंसर के खतरे को बढ़ाता है, रक्तदान करने से उचित आयरन का स्तर बना रहता है जिससे कैंसर के विकास का खतरा कम हो जाता है, और बार-बार रक्तदान करने से लीवर, पेट, फेफड़े, कोलन और गले के कैंसर का खतरा काम हो जाता है। रक्तदान करने के उपरांत शरीर खून की कमी को पूरा करने के लिए रक्त कोशिकाओं के उत्पादन को उत्तेजित करता है जिससे ब्लड सेल्स स्वस्थ और क्रियाशील रहती हैं। रक्तदान करने वाले की निरूशुल्क स्वास्थ्य जांच की जाती हैं जिसमें पल्स, ब्लड प्रेशर, शरीर का तापमान, हीमोग्लोबिन के स्तर की जांच शामिल होती है, रक्तदाता को अपने शरीर की स्थिति के बारे में भी जानकारी मिल जाती है और अगर कोई परेशानी है तो इसका उपचार हो जाता है। जिनका अधिक वजन होता है और हीमोग्लोबिन स्तर सही है तो उन्हें भी रक्तदान करना चाहिए इससे वजन घटाने में भी मदद मिलती है।

### रामनगर पुलिस ने 8 लीटर कच्ची शराब किया जप्त

कोतमा। कोयलांचल क्षेत्र अंतर्गत राजनगर पुलिस ने अवैध शराब बिक्री की सूचना पर पिपरिया गांव में दबिश देते हुए धर्मेंद्र केवट 32 वर्ष पिता कोदू लाल के कब्जे से 8 लीटर शराब कीमती 800 रूपए की जप्ति करते हुए 34ए आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया गया है।पुलिस ने बताया कि आरोपी के द्वारा जारीकेन में शराब छुपा कर रखा गया था।

---

**सफलता** | जिले में घर-घर सम्पर्क कर 70 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजनों व भवन निर्माण श्रमिकों के बनाये जा रहे आयुष्मान कार्ड

# कलेक्टर के मार्गदर्शन में आयुष्मान कार्ड बनाने में जिला प्रदेश के शीर्ष स्थान पर

**विजय मत, अनूपपुर।**

केन्द्र सरकार द्वारा 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वृद्धजनों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल किया गया है। आयुष्मान भारत निरामयम योजना में अब सत्तर वर्ष या उससे अधिक आयु वाले सभी नागरिकों को भी प्रतिवर्ष पांच लाख रूपये तक का निःशुल्क उपचार की सुविधा दी जा रही है। जिले में आयुष्मान भारत निरामयम योजना अन्तर्गत सत्तर वर्ष या उससे अधिक आयु वाले सभी नागरिकों के घर-घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे है। अनूपपुर जिले में 70 वर्ष व उससे अधिक आयु के लगभग 26 हजार 498 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने है। जिसके विरुद्ध अब तक 5 हजार 659 वृद्ध नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। इसी तरह भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिकों (बीओसीडब्ल्यू) केटेगरी के लगभग 49 हजार 767 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के विरुद्ध अब तक 39 हजार 158 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं।



### आयुष्मान कार्ड बनाना अब और भी आसान

अब लाभार्थी आयुष्मान कार्ड आयुष्मान एप की सहायता से स्वयं बना सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आशा कार्यकर्ता, सीएचओ और आयुष्मान मित्रों के माध्यम से निरन्तर आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे है। नागरिक अधिक जानकारी कि लिए अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत के सचिव और ऑगनवाड़ी कार्यकर्ता से इस संबंध में जानकारी लेने हेतु संपर्क कर सकते है।

### आयुष्मान कार्ड बनाने में कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिला प्रदेश के शीर्ष स्थानों पर

जिले में 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वृद्ध जनों तथा भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिकों (बीओसीडब्ल्यू) केटेगरी के लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने में अनूपपुर जिला कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली की कुशल कार्ययोजना व मार्गदर्शन में प्रदेश के शीर्ष स्थान पर है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया है कि भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिकों (बीओसीडब्ल्यू) केटेगरी में अनूपपुर जिला प्रथम स्थान पर तथा 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वृद्ध जनों के आयुष्मान कार्ड बनाने में प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में चौथे स्थान पर है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए कलेक्टर ने स्वास्थ्य अमले को बधाई दी है तथा शेष लक्षित पात्र लोगों के शत्-प्रतिशत् आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के निर्देश दिए हैं।

# रिटेन नहीं किये जाने में पैसे की कोई भूमिका नहीं: ऋषभ



**पर्थ, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत इस बार आईपीएल 2025 के लिए होने वाली मेगा नीलामी में उतरेंगे क्योंकि उन्हें उनकी टीम दिल्ली कैपिटल्स ने रिटेन नहीं किया है। उसी के बाद से ही कहा जा रहा था कि ऋषभ ने पैसे के कारण ऐसा किया होगा पर अब इस क्रिकेटर ने साफ कर दिया कि उन्हें रिटेन नहीं किये जाने में पैसे की कोई भूमिका नहीं थी। इस क्रिकेटर ने रिटेंशन सूची जारी होने से पहले भी सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था कि अगर वह नीलामी में जाते हैं तो कितने में बिकेंगे ये नहीं कहा जा सकता। वहीं इससे पहले पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा था कि भले ही दिल्ली ने पंत को रिटेन नहीं किया है पर अगर नीलामी में इस बल्लेबाज के लिए जरूर बोली लगाएगी। गावस्कर ने इसी वीडियो में आगे कहा कि, कई बार फ्रेंचाइजी और खिलाड़ी के बीच पैसों को लेकर बातें होती है और दोनों एक फैसले पर एकमत नहीं आ पाते। रिटेंशन को लेकर भी ऐसा ही कुछ हुआ होगा। मेगा ऑक्शन में पंत उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिनपर सबकी नजरें होंगी। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि पंत पर करोड़ों की बारिश हो सकती है।

# शमी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के बंगाल टीम में शामिल



**कोलकाता, एजेंसी**

अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को रणजी ट्रॉफी में अच्छे प्रदर्शन के बाद अब सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए भी शामिल किया गया है। भारतीय टीम में वापसी के प्रयासों में लगे शमी का लक्ष्य अब इसमें भी बेहतर प्रदर्शन कर अपनी फिटनेस साबित करना रहेगा। शमी शनिवार से शुरू होने वाली सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बंगाल की ओर से खेलेंगे। शमी को बंगाल टी20 टीम में शामिल करने का कारण उनकी फिटने को देखना है जिससे कि जरुरत पड़ने पर उन्हें बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए टीम में शामिल किया जा सके। शमी टखने की चोट के कारण पिछले साल हुए एकदिवसीय विश्वकप के बाद से ही भारतीय टीम से बाहर थे। इसी कारण उन्हें पहले घरेलू क्रिकेट में अपने को साबित करने कहा गया था। शमी ने मध्य प्रदेश के खिलाफ रणजी मुकाबले में बंगाल की ओर से खेलते हुए सात विकेट लिए थे। वहीं कहा जा रहा है कि उन्हें पहले टेस्ट के लिए इसलिए शामिल नहीं किय गया क्योंकि चयनकर्ता केवल एक रणजी ट्रॉफी मैच में फिटनेस के आधार पर उन्हें जल्दबाजी में टीम में शामिल नहीं करना चाहते। राष्ट्रीय चयनकर्ता चाहते हैं कि शमी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में कुछ और मैच खेलें। उनकी फिटनेस अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुरुप पहुंच जाये।

# आईपीएल नीलामी में पंजाब किंग्स के पास है सबसे अधिक रकम

## बड़े खिलाड़ियों को खरीदने का सबसे अच्छा अवसर

**मुंबई एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के लिए जेद्दा में 24 और 25 नवंबर को होने वाली मेगा नीलामी में खिलाड़ियों पर पैसे की बरसात होगी। दो दिन चलने वाली ये नीलामी भारतीय समयानुसार दोपहर 3 बजे से शुरू होगी। इस नीलामी में 574 खिलाड़ियों पर दस टीमें बोली लगाएंगी। इस बार सभी 10 टीमों की रकम को मिलकर देखा जाये तो वह कुल 641 करोड़ रुपये होती हैं वहीं इन सभी टीमों को कुल 204 खिलाड़ी खरीदने हैं। ऐसे में बड़े खिलाड़ियों को खासा फायदा होगा। हर फ्रेंचाइजी के पास अपनी टीम बनाने के लिए कुल 120 करोड़ रुपये का पर्स है। रिटेंशन के बाद पंजाब किंग्स के पास पर्स में मेगा नीलामी में खर्च करने के लिए सबसे ज्यादा 110.5 करोड़ रुपये बचे हैं। ऐसे में उसके पास पसंदीदा खिलाड़ियों को खरीदने का अच्छा अवसर है क्योंकि उसके पास खिलाड़ियों को खरीदने के लिए पैसों की कोई कमी नहीं रहेगी। वहीं अन्य फ्रैंचाईजियों की




स्थिति ऐसी नहीं है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पास 83 करोड़, दिल्ली कैपिटल्स के पास 73 करोड़, गुजरात टाइटन्स के पास 69 करोड़, लखनऊ सुपर जायंट्स के पास 69 करोड़, चेन्नई सुपर किंग्स पास 55 करोड़, कोलकाता नाइट राइडर्स के पास 51 करोड़, मुंबई इंडियंस के पास 45 करोड़, सनराइजर्स हैदराबाद के पास 45 करोड़ और राजस्थान रॉयल्स (ऋऋ) के पास सबसे कम 41 करोड़ रुपये शेष है। इसका कारण है कि पंजाब ने रिटेंशन में तीन खिलाड़ियों को ही कम रकम देकर रख जबकि अन्य टीमों ने रिटेशन में काफी पैसा दिया। .


ऐसे में इसबार नीलाम में श्रेयस अय्यर, आर अश्विन,ऋषभ पंत, केएल राहुल, मोहम्मद शमी, और युजवेंद्र चहल जैसे बड़े खिलाड़ियों को मोटी रकम मिलना तय है। ये सभी 2 करोड़ रुपये आधारमूल्य वाले हैं। इसके अलावा विदेशी खिलाड़ियों ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, जोस बटलर, डेविड वॉर्नर, जेम्स एंडरसन, ट्रेंट बोल्ट, फाफ डु प्लेसिस पर भी टीमों की नजरें रहेंगी। स्टार्क 2024 में आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी रहे हैं। इस बार उनका आधारमूल्य 2 करोड़ है। वहीं शमी ने भी 2 करोड़ रुपये का आधारमूल्य रखा है।

# रोहित का पहले टेस्ट से बाहर रहने का फैसला सही: ट्रैविस हेड

**पर्थ, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा का समर्थन किया है। हेड ने कहा कि रोहित ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट को छोड़कर अपने परिवार के साथ रहने का जो फैसला किया है वह सही है। रोहित हाल ही में दूसरे बच्चे के पिता बने हैं। इसी कारण वह पहले टेस्ट से बाहर हैं। वहीं कई दिग्गजों का मानना है कि उन्हें मैच खेलना चाहिये पर हेड रोहित के फैसले को सही मानते हैं। उन्होंने कहा, मैं सौ फीसदी रोहित के फैसले का समर्थन करता हूं, क्योंकि अगर मैं भी उनकी जगह होता तो यही फैसला लेता।

रोहित के घर 15 नवंबर को जब उनके बेटे ने जन्म लिया तो ऐसी उम्मीद लगाई जाने लगी थी कि रोहित 22 नवंबर से पर्थ में होने वाले पहले टेस्ट मैच से टीम इंडिया की कप्तानी



की जिम्मेदारी संभाल सकते हैं पर बाद में जानकारी आई कि रोहित ने फिलहाल, अपने परिवार और पत्नी के साथ कुछ समय बिताने का फैसला किया है। इसी को लेकर हेड ने एक प्रशिक्षण सत्र के बाद कहा, क्रिकेटर के तौर पर हम जीवन में कई चीजों का त्याग करते हैं। हम एक विशेषाधिकार प्राप्त जीवन जीते हैं पर इस दौरान हम अपने निजी जीवन में कई खास पल खो देते हैं। आपको वह समय वापस नहीं मिल सकता। इसलिए उन पलों का आनंद उठाना भी जरुरी है। इसके बाद भी वह सीरीज में वापसी कर सकते हैं, एक टेस्ट नहीं खेलने से कोई विशेष फर्क नहीं पड़ता।

रोहित की अनुपस्थिति में भारत को सीरीज के पहले मैच के लिए अपने नियमित कप्तान के बिना मैदान पर उतरना होगा। ऐसे में उपकप्तान जसप्रीत बुमराह टीम की कप्तानी करेंगे। रोहित एडिलेड में खेले जाने वाले दूसरे मैच से पहले टीम के साथ जुड़ेंगे। सीरीज की शुरुआत में रोहित की कमी के बावजूद, हेड ने भारतीय टीम को कम आंकने की भूल न करने को कहा है। हेड ने 2018-19 और 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया में भारत की शानदार सीरीज जीत को याद करते हुए कहा, अगर आप पिछले रिकाड्र्स को देखें, तो आप किसी भी भारतीय टीम को खारिज नहीं कर सकते उन्होंने विपरीत हालातों में भी वापसी की है।

## फुटबॉल



सेंट लुइस में अमेरिकी फॉरवर्ड केड कोवेल जमेका के खिलाफ फुटबॉल मैच में किक लगाते हुए।

# सीमिंग ऑलराउंडर के तौर पर नितीश को मिल सकता है अवसर



**पर्थ।** भारतीय टीम मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट की तैयारियों में लगी है। इसके लिए भारतीय टीम में युवा ऑलराउडर नितीश रेड्डी को अवसर मिल सकता है। टीम में इस समय दो अनुभवी आलराउंडर आर अश्विन और रवीन्द्र जडेजा है पर ऑस्ट्रेलियाई पिचों पर मजबूती देने के लिए सीमिंग ऑलराउंडर के तौर पर नितीश को जगह मिल कसती है। पर्थ में चल रहे अभ्यास सत्र में टीम प्रबंधन सभी खिलाड़ियों पर गंभीरता से नजर रख रहा है पर नितीश से नई और पुरानी गेंद के साथ साथ जिस प्रकार से गेंदबाजी और इसके बाद नेट्स पर बल्लेबाजी करायी जा रहा है उससे साफ है कि नितीश को पहले टेस्ट के लिए अंतिम ग्यारह में जगह मिल सकती है।

## बिजनेस

# साल 2031 तक 7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल द्वारा जारी की गई एक रिपोर्ट में अनुमान जताया गया है कि भारत की अर्थव्यवस्था 2031 तक 7 ट्रिलियन डॉलर के आकार तक पहुंचने की उम्मीद है। इस ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि इस दौरान देश की जीडीपी की औसत वार्षिक वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि, वित्त वर्ष 2025 से लेकर 2031 तक की वार्षिक वृद्धि दर महामारी से पहले के दशक की औसत वृद्धि दर (6.6 प्रतिशत) के आसपास होगी। इस विकास को मुख्य रूप से पूंजीगत खर्च और उत्पादकता में सुधार से प्रेरित बताया गया है। 2023-24 के चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी विकास दर 6.8 प्रतिशत तक रहने की संभावना है, जिसका कारण उच्च ब्याज दरें और सख्त लेंडिंग नियम हैं, जिससे शहरी मांग पर असर पड़ा है। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि केंद्र सरकार के



राजकोषीय घाटे को कम करने के प्रयासों का प्रभाव अर्थव्यवस्था के विकास पर देखने को मिलेगा। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर 2024-25 में औसत 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो पिछले साल के 5.4 प्रतिशत से कम होगी।

रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि मौसम की स्थिति और भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं विकास और महंगाई के लिए महत्वपूर्ण जोखिम हैं। इस वर्ष खरीफ की बुआई अधिक हुई है, लेकिन बेमौसम बारिश और अन्य मौसम संबंधित प्रभावों को लेकर सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि भू-राजनीतिक तनाव के कारण आपूर्ति श्रृंखलाएं प्रभावित हो सकती हैं, व्यापार में विघ्न आ सकता है और तेल की कीमतों में वृद्धि हो सकती है, जो महंगाई और इनपुट लागत को प्रभावित कर सकती है।

# सीसीआई ने मेटा पर लगाया 213.14 करोड़ रुपए का जुर्माना




**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने मेटा प्लेटफार्म पर 213.14 करोड़ रुपए का जुर्माना ठोका है। यह जुर्माना वॉट्स्एप की 2021 की प्राइवेसी पॉलिसी के जरिए मेटा द्वारा अपने प्रभावशाली बाजार स्थिति का दुरुपयोग करने के कारण लगाया गया है। यह फैसला पॉलिसी को कैसे लागू किया गया और यूजर्स का डेटा कैसे इकट्ठा और मेटा कंपनियों के साथ साझा किया गया। इसके अलावा सीसीआई ने मेटा और वॉट्सएप को सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा है कि वे एक तय समयसीमा के अंदर अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करें।

सीसीआई ने आदेश दिया है कि वॉट्सएप अगले पांच साल तक मेटा कंपनियों के साथ विज्ञापन के लिए यूजर्स का डेटा साझा नहीं कर सकता है। इस अवधि के बाद यूजर्स को यह विकल्प दिया जाना चाहिए कि वे गैर-सेवा संबंधी डेटा शेयरिंग से बाहर हो सकें।

इसके साथ ही वॉट्सएप को यह साफ तौर पर बताना होगा कि मेटा कंपनियों के साथ कौन-सा डेटा साझा किया है, उसका इस्तेमाल कैसे किया जाता है और उसका उद्देश्य क्या है। यह फैसला वॉट्सएप के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि भारत में इसके 500 मिलियन से ज्यादा यूजर्स हैं।

# सोने और चांदी की कीमतों में तेजी



**नई दिल्ली, एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतों में तेजी दर्ज की गयी है। सुबह सोने चांदी के वायदा भाव में तेजी रही। सुबह सोने के वायदा भाव 75,400 रुपये के करीब जबकि चांदी के वायदा भाव 91,050 रुपये के करीब थे। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी की वायदा कीमतों में तेजी आई।

सोने का वायद बेंचमार्क दिसंबर अनुबंध एमसीएक्स पर आज 153 रुपये की तेजी के साथ 75,200 रुपये के भाव पर खुला। यह अनुबंध 355 रुपये की तेजी के साथ 75,402 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। एक समय ये 75,429 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 75,200 रुपये के भाव पर दिन के निचला स्तर पर पहुंचा। सोने के वायदा भाव इस साल 79,775 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर पर पहुंचे थे।

वहीं चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी बढ़त के साथ हुई। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर अनुबंध आज 235 रुपये बढ़कर के 90,748 रुपये पर खुला। एक समय ये अनुबंध 552 रुपये की तेजी के साथ 91,065 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 91,100 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 90,748 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर हासिल किया। इस साल चांदी के वायदा भाव 1,00081 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा

दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने चांदी के वायदा भाव में तेजी देखने को मिल रही है। कॉमेक्स में सोना 2,616.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,614.60 डॉलर प्रति औंस था। दसके अलावा कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 31.24 डॉलर के भाव पर खुले, इसका पिछला बंद भाव 31.22 डॉलर था।

# सेंसेक्स 873 अंक फिसलकर 77,578 के स्तर पर बंद हुआ, निफ्टी भी हाई से करीब 262 अंक गिरा

**मुंबई, एजेंसी**

सेंसेक्स आज यानी, 19 नवंबर को 240 अंक की तेजी के साथ 77,578 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 65 अंक चढ़ा। ये 23518 पर बंद हुआ। हालांकि, दिन के ऊपरी स्तर से सेंसेक्स में 873 अंक की गिरावट देखने को मिली। सुबह सेंसेक्स करीब 1000 अंक ऊपर था। वहीं ऊपर स्तर से निफ्टी 262 अंक फिसल गया।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में बढ़त और 12 शेयरों में गिरावट देखने को मिली। आज ऑटो, एनर्जी और IT शेयर्स में ज्यादा बढ़त देखने को मिली। M&M के शेयर में 3 प्रतिशत और टाटा मोटर्स के शेयर में करीब 1.3 प्रतिशत की तेजी रही। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.51 प्रतिशत की बढ़त रही। वहीं कोरिया के कोस्पी में 0.12 प्रतिशत की तेजी और चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.67 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली।

18 नवंबर को अमेरिका का डाओ जोंस 0.13 प्रतिशत गिरकर 43,389 पर बंद हुआ। वहीं



S&P 500 0.39 प्रतिशत बढ़कर 5,893 पर और नैस्डैक 0.60 प्रतिशत बढ़कर 18,791 पर बंद हुआ। NSE के डेटा के अनुसार, विदेशी निवेशकों ने 18 नवंबर को 1,403 करोड़ के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 2,330 करोड़ के शेयर खरीदे।

मामा अर्थ की पेरेंट कंपनी होसाना कंज्यूमर के शेयर में आज बड़ी तेज गिरावट देखने को मिली। कंपनी का शेयर 11.61 प्रतिशत गिरकर 262.75 रुपए पर बंद हुआ। इससे पहले कल भी कंपनी के शेयर में 20 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली थी। दरअसल कंपनी के खराब तिमाही नतीजों के कारण शेयर में यह गिरावट देखने को मिल रही है। जुलाई-सितंबर की अवधि में, होनासा कंज्यूमर को 19 करोड़ रुपए का घाटा हुआ, जबकि एक साल पहले की अवधि में कंपनी को 29 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था।

सरकारी कंपनी NTPC की सब्सिडियरी कंपनी NTPC ग्रीन एनर्जी लिमिटेड का IPO आज से ओपन होगा। निवेशक इस पब्लिक इश्यू के लिए 22 नवंबर तक बिडिंग कर सकेंगे। 27 नवंबर को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे।

# एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी का सब्सक्रिप्शन के लिए आईपीओ खुला




**नई दिल्ली, एजेंसी**

एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी का 10 हजार करोड़ रुपए का आईपीओ मंगलवार को सब्सक्रिप्शन के लिए खुल गया है। यह एक बुक-बिल्ट इश्यू है। इसमें 92,59,25,926 नए शेयर जारी होंगे। आईपीओ का मूल्य दायरा 102-108 रुपए प्रति शेयर है। इसमें लॉट साइज 138 शेयरों का है। खुदरा निवेशकों को 138 शेयरों के एक लॉट के लिए बोली लगाने के लिए न्यूनतम 14,904 रुपए की जरूरत होगी।

बाजार विश्लेषक सार्वजनिक पेशकश में आवेदन की सलाह दे रहे हैं क्योंकि लंबी अवधि में इसमें काफी संभावनाएं हैं। एंकर निवेशकों के लिए बोली आज तय की गई है। आईपीओ के लिए बोली मंगलवार को खुलेगी और शुक्रवार 22 नवंबर को बंद होगी। 25 नवंबर को आवंटन को अंतिम रूप दिया जाएगा और शेयर 26 नवंबर मंगलवार को डीमैट खातों में क्रेडिट किए जाएंगे। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी का शेयर बुधवार 27 नवंबर को एनएसई और बीएसई पर सूचीबद्ध होने की संभावना है।

विवरणिका के मसौदे यानी रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के मुताबिक एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी आईपीओ से प्राप्त रकम का इस्तेमाल अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी (एनआरईएल) में निवेश करने कुछ उधारी चुकाने या समय से पहले भुगतान करने और कंपनी के सामान्य कामकाज करने की योजना बना रही है। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी का प्रीमियम ग्रे मार्केट में सोमवार को गिर गया।

### वर्ष-वार भर्ती कैलेंडर जारी, युवाओं को मिलेंगे शासकीय सेवा में नौकरियों के अवसर

# युवाओं को रोजगार देने के लिए संकल्पबद्ध सरकार, भर्ती की प्रक्रिया शीघ्रः सीएम मोहन

**विजय मत, भोपाल**



राज्य शासन अगले 5 वर्षों में 2 लाख 50 हजार सरकारी नौकरियां उपलब्ध कराने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के सीधी भर्ती के रिक्त पदों की पूर्ति करने के आदेश जारी कर दिए हैं। रिक्त पदों पर भर्ती के लिए हर साल सरकारी परीक्षा कैलेंडर जारी किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार ने संकल्प पत्र-2024 के बिन्दु रोजगार के अवसर में युवाओं को सरकारी नौकरियों में सेवा का अवसर देने संकल्प दोहराया है। इस संकल्प को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए सरकारी नौकरियों में भर्ती की सभी औपरिकताएं पूरी की जा रही हैं और जल्दी ही भर्ती की प्रक्रिया भी शुरू की जायेगी। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने सभी विभागों को भर्ती की प्रक्रिया संबंधी औपचाकिताएं पूरी करने के निर्देश दिये हैं, जिससे वर्षवार भर्ती की प्रक्रिया बिना रूकावट पूरी की जा सके। राज्य शासन के इस निर्णय से सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा पहले जारी निर्देश एवं आदेश निष्प्रभावी होंगे लेकिन पहले जारी आदेशों, परिपत्रों के आधार पर ऐसे रिक्त पदों पर, जिन पर विभागों द्वारा दिनांक 30 अक्टूबर, 2024 तक भर्ती की कार्यवाही कर दी गई है, वह निरस्त नहीं मानी जायेगी। इनमें सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए कार्यवाही कर्मचारी चयन मण्डल, म.प्र. लोक सेवा आयोग/ अन्य संस्था को प्रेषित किये गये हैं। इसके अलावा नियुक्ति की जा चुकी है परंतु कार्यभार ग्रहण किया जाना शेष है या परीक्षा परिणाम के आधार पर नियुक्ति पत्र जारी किया जाना शेष है।

मुख्य रूप से संवर्ग में स्वीकृत पदों के आधार पर 5 प्रतिशत पदों की ही सीधी भर्ती से पदपूर्ति करने के लिए प्रशासकीय विभाग को अधिकृत किया गया है। यह परिपत्र वर्ष 2028-29 तक के लिये स्थगित किया जाता है। राज्य शासन द्वारा प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी एवं तृतीय श्रेणी के सीधी भर्ती के रिक्त पदों की पूर्ति गणना के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया है। इसके अनुसार सर्वप्रथम प्रत्येक संवर्ग में 1 अप्रैल 2024 की स्थिति में सीधी भर्ती के रिक्त पदों की गणना की जायेगी। इनमें ऐसे पद जिनके संबंध में कार्यवाही कर्मचारी चयन मंडल/ एमपीपीएससी या अन्य संस्थाओं में प्रचलन में है, रिक्त पदों की गणना में शामिल नहीं किए जायेंगे। ऐसे 13 प्रतिशत पद जो पिछड़ा वर्ग के लिए अंतिम परीक्षा परिणाम के बाद रोके गए हैं, इनको भी रिक्त पदों की गणना में नहीं लिया जायेगा।

#### डाईंग संवर्गों में भर्ती नहीं

राज्य शासन द्वारा डाईंग संवर्ग घोषित किये जा चुके संवर्गों में किसी भी प्रकार से कोई भर्ती नहीं की जायेगी। अनुबंधित वाहन के लिए वाहन चालको के पद पर सीधी भर्ती आवश्यक नहीं है। जिन विभागों के पास स्वयं के वाहन है, वे भी वाहन चालक के कार्य हेतु सेवायें आउटसोर्स के माध्यम से प्राप्त करने पर विचार करें। विशिष्ट विभाग जहाँ वाहन चालकों के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती अतिआवश्यक है, वे वित्त विभाग को तथ्यों सहित प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुये स्वीकृति प्राप्त करें। राज्य शासन के विभिन?न कार्यालयों में चतुर्थ श्रेणी के पदों के विरूद्ध कार्य करने के लिये व्यक्तियों की पूर्ति आउटसोर्स पर करने के लिए चतुर्थ श्रेणी के कार्मिकों की सेवायें प्राप्त करने संबंधी नीति-निर्देश के अनुसार कार्यवाही की जायेगी। विशिष्ट विभाग जहाँ चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती अतिआवश्यक है, वे वित्त विभाग को तथ्यों सहित प्रस्ताव प्रेषित करते हुये स्वीकृति प्राप्त करेंगे। इस बात का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये गये हैं कि रिक्त पदों की पूर्ति के समय कैडर मैनेजमेंट प्रभावित न हो।

# मंत्री सारंग ने किया सुभाष नगर में प्रस्तावित सिविल अस्पताल के निर्माण स्थल का निरीक्षण

### करीब 5 लाख लोगों को मिलेगा अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ



**विजय मत, भोपाल**

सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मंगलवार को नरेला प्रस्तावित सिविल अस्पताल के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ नगर निगम, पीडब्लूडी, स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ निर्माण स्थल का निरीक्षण कर तय समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने हेतु निर्देशित किया। मंत्री सारंग ने बताया कि सुभाष नगर में प्रस्तावित अस्पताल के निर्माण के लिए प्लान तैयार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि यह 30 बिस्तरीय सिविल अस्पताल अत्याधुनिक जांच सुविधाओं से युक्त होगा। इससे नरेला क्षेत्र के करीब 5 लाख नागरिकों को लाभ मिलेगा।

#### प्रथम चरण में 20 हजार वर्गफीट में बनेगा 30 बिस्तरीय अस्पताल

मंत्री सारंग ने कहा कि सुभाष नगर में 20 हजार वर्ग फीट में अस्पताल भवन का निर्माण किया जायेगा। इसमें ओ.पी.डी. , सोनोग्राफी, एक्स-रे, ड्रेसिंग रूम, प्लास्टर रूम, ओ.टी. रूम, लेबर रूम, नर्स रूम, स्टोर रूम, टेक्निशियन रूम, पैथोलॉजी लैब, एन.बी.एस.आई रूम सहित 30 बिस्तर वार्ड की सुविधाएं प्रदान की जायेगी। उन्होंने कहा कि यह सिविल अस्पताल लगभग 1 वर्ष में जनता के लिये बनकर तैयार हो जायेगा। साथ ही अगले 3 वर्षों में अस्पताल की क्षमता को बढ़ाकर 100 बिस्तरीय करने के प्लान पर भी काम किया जायेगा।

#### 5 लाख लोग होंगे लाभान्वित

मंत्री सारंग ने कहा कि नरेला विधानसभा में नागरिकों के स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर विशेष कार्य किया गया है। इसके तहत क्षेत्र के सभी 17 वार्डों में संजीवनी क्लीनिक का निर्माण किया गया है। वहीं अब क्षेत्रवासियों की आवश्यता को दृष्टिगत रखते हुए सुभाष नगर में 30 बिस्तरीय सिविल अस्पताल की सौगात रहवासियों को मिलेगी। जहां सभी प्रकार की जांचें व इलाज नागरिकों को निःशुल्क उपलब्ध होगा।

## न्यूज इन शॉर्ट

### पर्वतारोही मुस्कान को मिलेगी 4 लाख की प्रोत्साहन राशि, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की साहसी बिटिया को दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अशोक नगर जिले की निवासी पर्वतारोही सुमुस्कान रघुवंशी को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए 4 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि देने के निर्देश दिए हैं। सुमुस्कान अशोक नगर जिले के ग्राम महाना के निवासी रामकृष्ण रघुवंशी की बेटी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आस्ट्रेलिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट कोजिअस्को को कम उम्र में फतह कर विश्व रिकार्ड बनाने वाली मुस्कान के साहसिक कार्य के लिए बधाई देते हुए आगामी पर्वतारोहण कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं भी दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की यह बेटी नई सफलताएं प्राप्त करेगी। उल्लेखनीय है कि 23 वर्ष आयु की मुस्कान भोपाल के रविन्द्र नाथ टैगोर विश्वविद्यालय से बीपीएड का पाठ्यक्रम कर रही हैं। उन्होंने जब आस्ट्रेलिया के पर्वत की चोटी को छुआ था तो अपने आयु वर्ग में सबसे कम उम्र की पर्वतारोही थीं।

### एंटीबायोटिक्स उपयोग पर जागरूकता के लिए 24 नवंबर तक चलेगा विश्व एंटीबायोटिक जन जागरूकता सप्ताह

**भोपाल।** एंटीबायोटिक दवाओं के तार्किक उपयोग पर जागरूकता के लिए 18 से 24 नवंबर तक विश्व एंटीबायोटिक जन जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस वर्ष यह सप्ताह एंटीमाइक्रोबिअल्स हैंडल विथ केयर की थीम पर मनाया जा रहा है। सप्ताह के दौरान एंटीबायोटिक के तार्किक उपयोग के बारे में लोगों को जागरुक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। एंटीमाइक्रोबिअल्स रेजिस्टेंस (एएमआर) तब होता है जब बैक्टीरिया, वायरस, फंगी और परजीवी समय के अनुरूप खुद में बदलाव कर लेते है और इन पर दवाओं की अपेक्षित प्रतिक्रिया नहीं हो पाती है। दवा प्रतिरोध के परिणामस्वरूप, एंटीबायोटिक्स और अन्य रोगाणुरोधी एजेंट अप्रभावी हो जाते हैं और संक्रमण का इलाज करना मुश्किल या असंभव हो जाता है, जिससे बीमारी फैलने, गंभीर बीमारी और मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है। मई 2015 में 68वी विश्व स्वास्थ्य सभा में एंटीबायोटिक दवाओं और अन्य रोगाणुरोधी दवाओं के प्रति प्रतिरोध की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए एक वैश्विक कार्य योजना बनाई गई थी।

### वन्य-जीवों को करंट से बचाने के संबंध में राष्ट्रीय स्तर का मंथन

**भोपाल।** विद्युत लाइनों से आमजनों, कार्मिकों एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए हरसंभव कोशिश की जा रही है। इसी क्रम में भारतीय वन्य जीवन संस्थान देहरादून ने वन्यजीवों की सुरक्षा, करंट से मृत्यु कम करने को लेकर राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला 20 से 22 नवंबर तक आयोजित की है। इसमें पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से दो कार्मिक शामिल होंगे। कार्यशाला में पर्यावरण सुरक्षा, हाथी व अन्य जीवों की करंट से रक्षा, वन्य जीवों की जोखिम को कम करने के हर संभव प्रयास, बिजली लाइनों के स्वरूप में बदलाव की संभावना और क्रियान्वयन, अंडर ग्राउंड लाइनें एवं केबलीकरण, 33/11 केवी लाइनों की गार्डिंग इत्यादि पर मंथन होगा। पश्चिम क्षेत्र से सुरक्षा शाखा प्रभारी एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता आरके नेगी, वरिष्ठ लाइन परीक्षण सहायक आरएन व्यास भाग ले रहे हैं।

### सहायक प्रोग्रामरों का कम्प्यूटर प्रशिक्षण शुरू, 22 तक चलेगा प्रशिक्षण

**भोपाल।** विभागीय प्रोग्रामर एवं सहायक प्रोग्रामरों का बेसिक कंप्यूटर आपरेशन्स के अंतर्गत एम. एस. ऑफिस 2021 प्रोफेशनल विषय पर क्रिस्प संस्था श्यामला हिल्स भोपाल में प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। यह 18 नवम्बर को प्रारंभ हो गया है। आयुक्त आर्थिक एवं सांख्यिकी ने बताया है कि विभाग के सभी स्तर के अधिकारी एवं कर्मचारियों को क्रिस्प सस्थान में संवर्ग अनुसार अलग अलग बैचों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण आगामी 22 नवम्बर तक चलेगा। विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों के लिये यह प्रशिक्षण अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।

### AUAP के 17 वें सामान्य सभा सम्मेलन में हुए शामिल

# मानवता के कल्याण के लिए शिक्षा अहमः शुक्ल

**विजय मत, भोपाल**




उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि मानवता के कल्याण के लिए शिक्षा अहम है। उपयुक्त, संस्कारयुक्त शिक्षा और समुचित उपचार की सुविधा, विकास को सार्थक बनाती है। विश्व के कल्याण के लिए सभी को एकजुट होकर सशक्त प्रयास करने होंगे। इस प्रयास में शैक्षणिक संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गौरवशाली नेतृत्व में भारत वसुधैव कुटुंबकम की अवधारणा से कार्य कर रहा है। सभी सुखी हों, सभी निरोगी हों, सभी का कल्याण हो इसी मूलमंत्र से प्रयास ज़ारी हैं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल एसोसिएशन ऑफ़ यूनिवर्सिटीज एशिया एंड पैसिफिक (AUAP) के 17 वें सामान्य सभा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने रोजगारपरक शिक्षा पर ज़ोर दिया है। शैक्षणिक सामग्री और विभिन्न पाठ्यक्रम में वैश्विक आवश्यकतानुसार योग्यताओं को शामिल करने पर कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत आज सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था है, वर्ष 2047 तक भारत शीर्ष में होगा। इस कार्य के लिए सभी का प्रयास ज़रूरी है, सही शिक्षा, सही कुशलता ज़रूरी है।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि चिकित्सा सेवाओं को सशक्त करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 75 हज़ार एमबीबीएस सीटों की वृद्धि की जाने की घोषणा की गयी है। मध्यप्रदेश में वर्तमान में शासकीय एवं निजी चिकित्सा शिक्षा संस्थानों में 5 हज़ार एमबीबीएस सीट और 2250 पीजी सीट हैं। इन्हें आगामी 5 वर्षों में 8 हज़ार एमबीबीएस सीट और 5000 पीजी सीट तक ले जाने का लक्ष्य है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने एसोसिएशन ऑफ़ यूनिवर्सिटीज एशिया एंड पैसिफिक (AUAP) के सफल आयोजन के लिए वाईस प्रेसिडेंट AUAP हरिमोहन गुप्त और आयोजकों को शुभकामनाएँ दीं।

# बिल्डर के बंधक भू-खण्ड की नीलामी से होगा पटेल नगर कॉलोनी का विकास

### राज्य मंत्री गौर ने दिये अधिकारियों को निर्देश

**विजय मत, भोपाल**



रायसेन रोड पटेल नगर में बिल्डर के बंधक भू-खण्ड को नगर निगम नीलाम करेगा। नीलामी से प्राप्त राशि से पटेल नगर कॉलोनी में पेयजल, सीवेज, सड़क, बिजली और पार्क आदि की व्यवस्था की जायेगी। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर के पटेल नगर के रहवासियों की मांग पर दिये निर्देशों के अनुक्रम में आयुक्त नगर निगम हरेन्द्र नारायण ने उक्त बात कही। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने मंगलवार को निवास कार्यालय पर पटेल नगर और रोहित नगर के रहवासियों की समास्याओं के निराकरण को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की।

राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि पटेल नगर के रहवासियों को बिल्डर द्वारा मुलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। बार बार अवश्वासन देने के बाद भी बिल्डर कॉलोनी का अपेक्षित विकास नहीं कर रहा है। पटेल नगर की यह समस्या दशकों पुरानी है। उन्होंने कहा कि बिल्डर द्वारा विकास नहीं करने पर बिल्डर के बंधक भू-खण्ड को नगर निगम नीलामी से प्राप्त राशि विकास कार्य करने के प्रावधान है।

# पीएम सूर्य घर योजना में मिलेगी मुफ्त बिजली : ऊर्जा मंत्री तोमर

### तीन किलोवॉट के सौर संयंत्र लगाने पर 78 हजार की मिलेगी सब्सिडी

**विजय मत, भोपाल**

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि केंद्र सरकार द्वारा लोगों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीएम सूर्य घर योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना में एक किलोवाट का सोलर संयंत्र लगाने पर 30 हजार रूपये, दो किलोवाट का सोलर संयंत्र लगाने पर 60 हजार रुपए तथा तीन किलोवाट या उससे ऊपर 10 किलोवॉट तक के सोलर संयंत्र स्थापना पर 78 हजार रुपए की सब्सिडी केन्द्र सरकार द्वारा दी जा रही है। इसके लिए देशभर के उपभोक्ताओं को इस योजना में शामिल करके पीएम सूर्य घर योजना से जोड़ने का लक्ष्य केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अपने क्षेत्रान्तर्गत पीएम सूर्य घर योजना के शुभारंभ दिवस 13 फरवरी 2024 से अब तक 6 हजार 377 से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ा गया है। आवेदन के लिए पीएम सूर्य घर योजना की वेबसाइट https://www.pmsuryaghar.gov.in पर जाकर आवेदन किया जा सकता है। इसके अलावा अधिक जानकारी के लिए कंपनी की वेबसाइट www.portal.mpcz.in अथवा उपाय एप, वॉट्सएप चेटबॉट व टोल फ्री नं, 1912 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

पोर्टल pmsuryaghar.gov.in पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन /पंजीयन करें। राज्य का चुनाव करके विद्युत वितरण कंपनी चुनें। फिर उपभोक्ता क्रमांक दर्ज करें।

### अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस 10 दिसम्बर को

**भोपाल।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस 10 दिसम्बर को आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल मंगुभाई पटेल और विशेष अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल रहेंगे। अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के कार्यक्रम का केन्द्रीय विषय ÷भारत में वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल और सुरक्षा, सामाजिक जिम्मेदारी, कानूनी सुरक्षा और मानव अधिकार'' पर आधारित होगा। मानव अधिकार आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने मानव अधिकार आयोग में विषय से संबंधित विभागों के अधिकारियों की आयोजन की तैयारियों के संबंध में बैठक ली। बैठक में वृद्धजन कल्याण से संबंधित योजनाओं एवं अन्य सुसंगत जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। बैठक में सामाजिक न्याय, स्वास्थ्य, पुलिस, नगर निगम, अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के अधिकारी और मानव अधिकार आयोग के सदस्य राजीव कुमार टंडन भी उपस्थित रहे।

# महापौर ट्रॉफी इंटर स्कूल बालिका खो-खो प्रतियोगिता आज

**विजय मत, भोपाल**



महापौर ट्रॉफी-2024 बालिका खो-खो इंटर स्कूल प्रतियोगिता का आयोजन नगर निगम, भोपाल द्वारा बुधवार, 20 नवम्बर 2024 को सुभाष उत्कृष्टता विद्यालय मैदान पर किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रातः 08:30 बजे किया जाएगा। प्रतियोगिता में शहर के 08 विद्यालयों की टीमे भाग लेंगी। महापौर श्रीमती मालती राय ने मंगलवार को सांय सुभाष उत्कृष्टता विद्यालय मैदान का निरीक्षण महापौर परिषद के सदस्यों एवं पार्षदगण के साथ किया और प्रतियोगिता की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। महापौर श्रीमती राय ने निर्देशित किया कि महापौर ट्रॉफी प्रतियोगिता की सभी तैयारियां समय से पूर्व बेहतर ढंग से सुनिश्चित की जाए।

निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चैहान, महापौर परिषद के सदस्य मनोज राठौर, आर.के.सिंह बघेल, श्रीमती सुषमा बाबीसा सहित पार्षदगण व निगम के अधिकारी मौजूद थे।

**खास-खबर** पशुपालन राज्य मंत्री ने की सांची दुग्ध संघ के कार्यों की समीक्षा

# दूध का अधिक संग्रहण करें और किसानों को अधिक लाभ दें: पटेल

**विजय मत, भोपाल**



पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने कहा है कि सांची दुग्ध संघ दुग्ध उत्पादक किसानों से अधिक से अधिक मात्रा में दूध का संग्रहण करें और उन्हें अधिक से अधिक लाभ दे। सांची के उत्पादों का विक्रय राज्य से बाहर भी किया जाए। सांची के सभी उत्पाद सभी दुग्ध संघों में उपलब्ध रहें और आवश्यकता अनुसार एक दूसरे संघ को विक्रय के लिए भिजवाए जाएं।

मंत्री पटेल ने आज मंत्रालय में सांची दुग्ध संघ के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में प्रमुख सचिव पशुपालन उमाकांत उमराव, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, बुंदेलखंड, जबलपुर और ग्वालियर दुग्ध संघ के अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

मंत्री पटेल ने कहा कि सांची के उत्पाद अच्छी गुणवत्ता और वाजिब दामों पर ग्राहकों को उपलब्ध होते हैं। इनकी मार्केटिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए। सभी जिलों में कलेक्टर कार्यालय और अस्पतालों में सांची पार्लर बनाए जाए। महिला स्व-सहायता समूह को भी सांची के उत्पाद विक्रय से जोड़ा जाए। लाभ की राशि सीधे किसानों के खातों में अंतरित की जाए।

प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव ने बताया कि सभी जिला मुख्यालय पर सांची एक्सक्लूसिव आउटलेट बनाए जा रहे हैं, जिन पर सांची के सभी उत्पाद उपलब्ध रहेंगे। दुग्ध संघ के गेट पार्लर को भी सांची एक्सक्लूसिव पार्लर के रूप में विकसित किया जा रहा है। सांची दुग्ध संघ अब अन्य उत्पादों के साथ कुकीज, आइसक्रीम, सांची नीर, साबूदाना खीर, नमकीन और फ्रोजन मटर भी उपलब्ध कराएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सांची उत्पादों की बिक्री के लिए अभियान चलाकर कार्य किया जाए। ऑफेंसिव मार्केटिंग तकनीक का उपयोग किया जाए। विभाग आगामी 1 वर्ष के लिए कार्य-योजना बनाकर तदनुसार कार्रवाई करे। सांची नीर की बिक्री पर भी विशेष ध्यान दिया जाए।

भोपाल दुग्ध संघ के सीईओ आर.पी. तिवारी ने बताया कि भोपाल दुग्ध संघ द्वारा हाल ही में लॉन्च किए गए सांची नारियल पानी का भी अच्छा विक्रय हो रहा है। दुग्ध संघ द्वारा ब्रेड, चिप्स नमकीन, इत्यादि निर्मित करवाने हेतु निविदा जारी की गई है। जबलपुर दुग्ध संघ फ्रोजन मटर बाजार में लाने की तैयारी कर रहा है।

### कलेक्टर सिंह ने बैरसिया में मंडी, तहसील और गांवों का दौरा कर खाद उपलब्धता और राजस्व अभियान 3.0 की प्रगति का जायजा लिया

**विजय मत, भोपाल**




कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को बैरसिया क्षेत्र का व्यापक दौरा कर खाद की उपलब्धता, राजस्व अभियान 3.0 के क्रियान्वयन की समीक्षा के लिये मंडी, तहसील कार्यालय और ग्रामीण इलाकों का निरीक्षण कर किसानों से संवाद किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने बैरसिया स्थित मंडी का निरीक्षण कर खाद की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मंडी में उपस्थित किसानों से बातचीत कर उनकी जरूरतों और समस्याओं को समझा। किसानों ने खाद की मांग और वितरण प्रक्रिया पर अपने विचार साझा किए। सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खाद वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो और किसानों को समय पर उनकी जरूरत के अनुसार खाद उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन किसानों के हित में हर संभव कदम उठा रहा है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसान बिना किसी असुविधा के आवश्यक खाद प्राप्त कर सकें। कलेक्टर सिंह ने बैरसिया तहसील का निरीक्षण कर राजस्व अभियान 3.0 के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने लंबित नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, सीमांकन, परंपरागत रास्तों का चिन्हांकन, नक्शे में बटांकन, आधार से खसरे की लिंकिंग, पीएम किसान योजना का सेचुरेशन और स्वामित्व योजना के तहत चल रहे प्रकरणों के शीघ्र और पारदर्शी निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को राजस्व अभियान 3.0 की सफलता के लिए आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिये।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा जेयन ऑफसेट वर्क्स, 119 इनारा हाऊस रायसेन रोड भोपाल-462023 म.प्र. से मुद्रित एवं ई.एम.एस. 21 इंडस टाउन, होशंगाबाद रोड, मिसरोद, भोपाल म.प्र. से प्रकाशित, संपादक-सीता शुक्ला, प्रधान संपादक- विजय शुक्ला मो.-8889977997
आर.एन.आई.-पंजीयन नंबर MPHIN/2015/66998, (*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। Email-vijaymat.bhopal@gmail.com